e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 308

गुरुवार

14.11.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

वक्त सारे घाव भर देता है पर सच तो यह है की हम दर्द के साथ जीना सिख लेते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### नगर निगम ने किया प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का आगाज

**प्रयागराज :** नगर निगम ने इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में आगाज 'प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ' की बैठक का आयोजन किया। महापौर ने कहा कि महाकुम्भ में स्नान के लिए न केवल श्रद्धालु बल्कि स्वयं भगवान किन्नर, देवता और सारे तीर्थ आते हैं। उन्होंने कहा यहां के प्रयागराजवासी भाग्यशाली हैं। हमने यहाँ जन्म लिया और ईश्वर ने हमको अवसर दिया है इस नगर के लिए कुछ करने का। स्वच्छता के उत्सव के साथ अब शहर स्वरुप लेने लगा है। शहर के विभिन्न संगठनों के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ बनाने की चर्चा भी की गई।महापौर ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर सफाई और स्वच्छ करने के बाद रंगोली बनाएं, जिससे दूसरों पर भी दबाव बने कि गन्दगी नहीं फैलानी है। महापौर ने अपनी इंदौर यात्रा का एक वाक्या सुनाया और बताया कि वहां के छोटे दुकानदार भी स्वच्छता को लेकर कितने जागरूक हैं।

### नवीकरणीय ऊर्जा ने हासिल की नई उपलब्धि, कुल ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट के पार

**नई दिल्ली :** भारत अपनी नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा में एक अहम पड़ाव पर पहुंच गया है। देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट को पार कर गई है। ये उल्लेखनीय वृद्धि वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावॉट प्राप्त करने के देश के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के अनुरूप है।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार कुल नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता अब अक्टूबर तक 203.18 गीगावॉट है, जो देश की कुल स्थापित क्षमता का 46.3 फीसदी से अधिक है। यह उपलब्धि स्वच्छ ऊर्जा के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता और हरित भविष्य के निर्माण में इसकी प्रगति को दर्शाती है।मंत्रालय के मुताबिक देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 452.69 गीगावॉट तक पहुंच गई है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, समग्र बिजली मिश्रण का एक अहम हिस्सा है।

### खराब मौसम के चलते 9 विमान डायवर्ट होकर पहुंचे जयपुर एयरपोर्ट

**जयपुर :** मौसम परिवर्तन का असर अब हवाई यातायात भी नजर आने लगा है। बुधवार को 9 फ्लाइट डायवर्ट होकर जयपुर पहुंची। दिल्ली में बढ़ती सर्दी के साथ कोहरे की वजह से लगातार दिल्ली की फ्लाइट्स का डायवर्जन जयपुर एयरपोर्ट पर किया जा रहा है। इससे 1200 से ज्यादा पैसेंजर को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा।दरअसल, बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर बदलते मौसम की वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इसके बाद अलग-अलग समय पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स अपने निर्धारित वक्त पर लैंड नहीं हो पाई। वहीं, कोलकाता,चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली 9 फ्लाइट को आखिरी वक्त पर जयपुर डायवर्ट किया गया था।

### प्रकाश पूरब पर्व पर सिख समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

**धमतरी :** सिख समाज के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का प्रकाश पूरब पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके पूर्व शहर में सिख समाज द्वारा बुधवार 13 नवंबर को शहर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पूरब (जयंती) के अवसर पर शोभायात्रा शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारा भवन से निकली जो गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, तहसील ऑफिस, नगर निगम स्कूल, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक से होते हुए वापस गुरुद्वारा भवन पहुंची। इस दौरान रास्ते भर आतिशबाजी होती रही।प्रथम पंक्ति में समाज के युवा चल रहे थे। दूसरी पंक्ति में समाज प्रमुख थे। तीसरी पंक्ति में एक रथ पर गुरुनानक देव जी की फोटो लगाई गई थी, जिसे आकर्षक फूलों से सजाया गया था। इसके बाद पंच प्यारे और उनके निशान साथ साथ चल रहे थे। पंच प्यारे और उनके निशान के सम्मान में समाज के बच्चे और युवतियां सड़क की सफाई करते हुए चल रहे थे।

### रांची का तापमान

अधिकतम 27°

न्युनतम 20°

## दूसरे चरण के चुनाव के लिए संथाल परगाना में चढ़ा राजनीति का पारा

# बदलो सरकार पाओ अधिकारः पीएम मोदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सारठ विधानसभा क्षेत्र के रांगा सिरसा मैदान में देवघर, मधुपुर, सारठ, दुमका, जामताड़ा, और नाला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यहां एक विशाल विजय संकल्प महासभा में उपस्थित लाखों की संख्या में जनता को उन्होंने संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहने आशीर्वाद देने आई हैं। इससे यह साफ पता चलता है कि झारखंड से हेमंत सरकार गई और भाजपा सरकार आई। इस तरह भीड़ देख लगता है सारा रिकॉर्ड टूट गए हैं. मोदी ने कहा कि देवघर आने का सौभाग्य पहले भी मिला है। लेकिन सारठ पहली बार आए हैं और चुनाव के नतीजे देखने को मिल गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में एनडीए सरकार की गारंटी देते हुए कहा, हर तरफ एक ही गूंज है- रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में एनडीए की सरकार. हमारा संताल परगना नया इतिहास रचने को तैयार है और झामुमो-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित :** इस सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सारठ विधानसभा प्रत्याशी रणधीर सिंह, मधुपुर विधानसभा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह, देवघर विधानसभा प्रत्याशी नारायण दास, जामताड़ा विधानसभा प्रत्याशी सीता सोरेन, नाला विधानसभा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो, जमा विधानसभा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू,पूर्व मंत्री पलिवार, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी,समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे. दास, राज पलिवार, सीता सोरेन समेत अन्य प्रत्याशी मौजूद थे.

### माता बहनों को 2100 रुपया मिलेगा हर महीना

उन्होंने कहा कि झारखंड में स्थानीय निवासियों को पानी तक मिलना मुश्किल हो गया है। हमारी सरकार बनी तो तो सीधे यहां के नौजवानों को रोजगार से जोड़ा जाएगा और माइ बहनों बेटियों को गोगो दीदी योजना के तहत प्रतिमाह 2100 रुपया देने की शुरुआत की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कभी भी रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करेगी।
मोदी ने कांग्रेस और झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने बहन सीता सोरेन के खिलाफ कई तरह की बातें कही हैं और आदिवासी महिलाओं का सम्मान नहीं किया है। एक कांग्रेसी नेता सीता सोरेन को भक्ति भक्ति गालियां दी है और इन्हें हेमंत सोरेन सरकार शरण दिए हुए हैं या अफसोस की बात है! भाजपा आदिवासी मां बहनों की सम्मान करती है भाजपा ने एक आदिवासी बेटी, द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया।




### घुसपैठ को लेकर पीएम ने चिंता व्यक्त की

प्रधानमंत्री ने प्रदेश में घुसपैठ की बढ़ती समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की। कहा, अगर झारखंड की पहचान खत्म हो गई तो क्या होगा? संताल परगना में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है, जल, जंगल और जमीन को बचाना जरूरी है। इसीलिए झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी है। तभी हम इन घुसपैठ से निजात पा सकते हैं। जिसे हेमंत सरकार शरण दिए हुए हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस की सरकार वोट की खातिर घुसपैठियों को नागरिकता देने के लिए साजिश कर रही है और राज्य के स्थानीय निवासियों की हिस्सेदारी में शामिल कर रहे है।

### कांग्रेस ने एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की

पीएम ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की है।अब वह प्रदेश की जनजातीय एकजुटता को तोड़ने की साजिश रच रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में उपस्थित लोगों से अपील की ओर कहा, आपको जागरूक करने और आपके लिए लड़ने मैदान में आया हूं. एकजुट होकर हम झारखंड की पहचान को बचा सकते हैं. याद रखिए, एक है तो सब सैफ है।

## एनडीए का इरादा झारखंड का खनिज संपदा बेचने की है : हेमंत




**महुदाः** बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्यासी जलेश्वर महतो के समर्थन मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एनडीए झारखंड राज्य के लिये गुंडा मवाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए की नजर राज्य की जनता की भलाई से परे है। यहाँ की खनिज संपदा पर उसकी नजर है। जिन्हे वो बेच खाने को उतावला है। एनडीए पर तीखा हमला करते उन्होंने कहा कि उनका पुरा कुनबा बीते एक माह से राज्य में कुंडली मारकर बैठा है। जिससे वो जैसे तैसे जनता को बरगला कर राज्य पर कब्जा कर जल, जंगल और जमीन का संपुर्ण शोषण कर सके। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने यहाँ के नारी समूहों के उत्थान हेतू महज चार वर्षों में ग्यारह सौ करोड़ की राशि खर्च की। जबकि केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में छः सौ करोड़ देकर छला है। इस क्रम मे उन्होने कहा कि अलग राज्य के बाद गठबंधन की यह पहली सरकार है। जिसने अपने पुरे पाँच वर्ष तक के कार्यकाल मे जनता का चहुँमुखी विकाश हेतू कई महत्वपूर्ण योजना चला रही है। उन्होंने कहा की एनडीए की सरकार ने युवाओ महिलाओं एवं किसानों को गर्त मे पहुंचा दिया है। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है, बेरोजगार युवक एवं किसान आत्म हत्या कर रहे है। मुख्य मंत्री सोरेन ने उपस्थित जन समुह से अपील करते कहा कि एनडीए की सरकार देश और राज्य के लिये जहरीला है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई योजनाओं को धरातल पर उतारा : कल्पना

**तालझारी :** बोरियो विधानसभा क्षेत्र के तालझारी प्रखंड के केन्दुआ फुटबॉल मैदान में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि केंद्रीय सरकार ने माताओ और बहनों से झूठ बोला कि हम हर एक व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपया डाल देंगे। मगर उनका यह वादा महज एक जुमला बनकर रह गया। इसी तरह झारखंड में अभी विधानसभा चुनाव होने जा रहा है तो फिर भाजपा के नेता झारखंड के लोगों को फिर से झूठे वादे कर रहे हैं कि झारखंड में यदि भाजपा सरकार बनती है तो हम गोगो दीदी योजना चालू करेंगे और हर एक माता- बहनों के खाते में प्रत्येक महीने 2100 रुपए करके देंगे। इनका यह वादा झारखंड के लोगों को दोबारा ठगने का काम करेगा। इसलिए जनता को काफी सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। ताकि हमारी जनता को कोई बेवकूफ नहीं बना सके। जनसभा में कल्पना मुर्मू सोरेन ने झारखंड की जनता को महागठबंधन की सरकार में पिछले पांच साल में जो सुविधाएं प्रदान की गई है। उनकी उपलब्धियां बताते हुए कही कि हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऐसे कई योजनाएं धरातल पर लाई। जिसका लाभ सीधे झारखंड के जनता को मिल रही है। खासकर, गरीब, असहाय, वंचित, शोषित लोगों को अधिक से अधिक समृद्ध बनाने की पहल की है।

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश, कहा

# दिशा निर्देशों का पालन किए बिना नहीं होगी तोड़फोड़



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कहा कि उसने संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि उसने शक्ति के विभाजन पर विचार किया है और यह समझा है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कैसे काम करती हैं। न्यायिक कार्यों को न्यायपालिका को सौंपा गया है और न्यायपालिका की जगह पर कार्यपालिका को यह काम नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा, अगर कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर केवल इस वजह से तोड़ती है कि वह आरोपी है, तो यह शक्ति के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि जो सरकारी अधिकारी कानून को अपने हाथ में लेकर इस तरह के अत्याचार करते हैं, उन्हें जवाबदेही के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहरा सकती और न ही वह जज बन सकती है, जो किसी आरोपी की संपत्ति तोड़ने पर फैसला करे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव : पहले चरण का चुनाव संपन्न

# 64.86 प्रतिशत हुआ मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की 43 सीटों पर सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग निर्धारित समय पर समाप्त हो गया. शाम 5 बजे तक 64.86 प्रतिशत ओवरऑल वोटिंग हुई है. वहीं 950 बूथों पर शाम 4 बजे तक निर्धारित होने के कारण यहां पर मतदान समाप्त हो गया है. पहले चरण में रांची जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों समेत कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग हुई. 1,37,10,717 मतदाता चुनाव मैदान में खड़े कुल 683 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं. करीब 10 हजार चुनाव कर्मियों को मतदान केंद्र पर भेजा गया है. गौरतलब है कि इस चरण में कुल मतदाताओं में 68,73,455 पुरुष, 68,36,959 महिलाएं और 303 थर्ड जेंडर शामिल हैं. झारखंड राज्य के कुल 15,344 बूथों पर आज 683 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला हुआ. पहले चरण में सामान्य के लिए 17, एससी के लिए 06 और एसटी के लिए 20 सीटें हैं. इस बार चुनावी मैदान में कई महिला उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला भी मतदाताओं ने कर दिया है. इधर राजकृत मॉडल उच्च विद्यालय डोरंडा, बूथ संख्या 374 में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पत्नी आर जगथा के साथ मतदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करते हुए मत का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि शाम 5:00 बजे तक मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही कहा यह मताधिकार आपका केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति आपका कर्तव्य भी है। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने रातू रोड रांची के तहसील कचहरी के बूथ संख्या 49 पर मतदान किया।दूसरी ओर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नेहरू संस्कृति केंद्र, जवाहर नगर के बूथ संख्या 339 पर मतदान किया।



# भगवान बिरसा मुंडा माटी के वीर पदयात्रा में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया

**एजेंसी**

**रायपुर :** भगवान बिरसा मुंडा ''माटी के वीर पदयात्रा'' आज बुधवार को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पुरना नगर मैदान से शुरु हुई । पदयात्रा में केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 हजार से अधिक माय भारत युवा स्वयंसेवकों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। माटी के वीर पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक विभाग मंत्री रामविचार नेताम, खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, विधायक रामकुमार टोप्पो, विधायक सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव शामिल हुए। पदयात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रणजीता स्टेडियम में समापन हुआ।



### विवेक करेंगे 43वें आईआईटीएफमें पंचायती राज मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है। सचिव विवेक भारद्वाज गुरुवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में मंत्रालय के अत्याधुनिक मंडप का उद्घाटन करेंगे। हॉल नंबर एच-4 (स्टॉल 4जी-12-ए) में स्थित इस मंडप की थीम पंचायतज्ञ विकसित भारत 2047 है। यह मंडप, पंचायतों को ग्रामीण शासन की आधुनिक, तकनीक-सक्षम और जवाबदेह संस्थाओं में बदलने के मंत्रालय के दृष्टिकोण को दर्शाता है।डिजिटल परिवर्तन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, पंचायती राज मंत्रालय का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में सभी पंचायतें तकनीकी और डिजिटल-संचालित आधुनिक संस्थाओं के रूप में विकसित होंगी। यह मंडप एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है, जो क्रांतिकारी डिजिटल पहलों को प्रदर्शित करता है। यह ग्रामीण शासन को नया रूप दे रहे हैं। इस डिजिटल परिवर्तन का मुख्य आकर्षण मेरी पंचायत ऐप है, जो एक अभिनव उपकरण है।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा

हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिलने पर हर्ज ही क्या है!

7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी विधानसभा के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

## मॉडल बूथ पर आनेवाले मतदाताओं का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के पांचो विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान जारी है।इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी विधानसभा अंतर्गत तरहसी व पांकी के कई बूथों के निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने तरहसी व पांकी के विभिन्न बूथों पर चल रहे मतदान कार्यों का जायज़ा लिया।मतदान में तेज़ी बना रहे इसे लेकर संबंधितों को निर्देशित किया।

**मॉडल बूथ पर आनेवाले मतदाताओं का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया स्वागत**

पांकी के रणभेरी में बने मॉडल बूथ पर मतदान हेतु आ रहे फर्स्ट वोटर व वृद्ध मतदाताओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कॉफी मग देकर उनका सम्मान किया। इसी तरह उन्होंने तरहसी में बने बूथों में चल रहे मतदान का भी अवलोकन किया।

**डीईओ ने आमजनों संग कर्पूरी ठाकुर चौक पर कुल्हड़ के चाय का आनंद लिया,लोगों से बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की**

प्रातः बूथों का निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के लोकप्रिय चौराहा कर्पूरी ठाकुर चौक पर कुल्हड़ के चाय का आनंद स्थानीय आमजनों संग लिया।इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी बूथों पर प्रयाप्त व्यवस्था की गयी है जहां आप सभी भयमुक्त होकर अपना मतदान कर सकते हैं।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांकी के दो प्रत्याशियों पर एफएसटी की रही पैनी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू दिनांक 12 नवंबर को तरहसी थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पांकी के वर्तमान विधायक डॉ कुशवाहा शशिभुषन मेहता सह प्रत्याशी पांकी विधानसभा और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह सह प्रत्याशी पांकी विधानसभा को आज शाम 6 बजे तक एफएसटी के वीडियो सर्विलांस पर रखा जा रहा है।दोनों ही प्रत्याशियों पर एसएसटी की पैनी नजर रहेगी। उनकी प्रत्येक गतिविधियों को प्रशासन द्वारा लगातार ट्रैक किया गया।

**मतदान शुरू, आप सभी मतदान ज़रूर करें-जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से अपने बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर शाम 5 बजे तक मतदान होगा,आप सभी मतदान कर अपने फोटो को VoteDeneChalo के साथ अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड कर डीसी पलामू को ज़रूर टैग करें।

## मेराल में 70.83 प्रतिशत हुआ मतदान



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा विधानसभा के मेराल प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 1,05,297 थी, जिनमें से 74,586 लोगों ने मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत 70.83 रहा। इसमें 36,292 पुरुषों की तुलना में 38,294 महिलाओं ने मतदान किया, जिससे महिलाएं मतदान में पुरुषों से आगे रहीं। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय मेराल दक्षिण भाग के बूथ संख्या 63 पर सर्वाधिक 80.11 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जबकि सबसे कम 56.47 प्रतिशत मतदान बूथ संख्या 42, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओखारगड़ा दक्षिण भाग पर हुआ। मेराल प्रखंड में कुल 116 मतदान केंद्र हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 51,270 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 54,081 है। सभी मतदान केंद्रों पर प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ थी। विकलांग और असहाय लोगों के लिए व्हीलचेयर एवं अन्य वाहन सुविधाएं उपलब्ध रहा।

# पलामू में 86 उम्मीदवार, जमकर हुआ वोटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है।पलामू में पांच विधानसभा क्षेत्र डाल्टनगंज, पांकी, बिश्रामपुर, हुसैनाबाद और छतरपुर हैं. सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है. पलामू में 1728570 मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं और 86 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं।सुबह के समय विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या कम है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान करने वालों की लंबी कतार लगी हुई है. पूरे पलामू में 1796 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों की 70 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं. चुनाव को लेकर बिहार और छत्तीसगढ़ से सटे सीमावर्ती इलाकों को सील कर दिया गया है और नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।पलामू जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली थी और मॉक पोल के बाद मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है. पलामू जिला प्रशासन का लक्ष्य विधानसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराना है. मतदान शुरू होने के साथ ही शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर कम भीड़ देखी गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लंबी कतारों में लगकर वोट डाल रहे हैं. पलामू के सभी मतदान केंद्रों पर ऑनलाइन वेब कास्टिंग के जरिए नजर रखी जा रही है और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है।

# पलामू में 11 बजे तक हुआ 28.36 प्रतिशत मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर बुधवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे तक जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र में 28.36 फीसदी मतदाना हुआ है। पांकी में 28.96, डालटनगंज में 27.55, विश्रामपुर में 28.26, छत्तरपुर में 28.71 एवं हुसैनाबाद में 28.51 प्रतिशत मत पड़े हैं। सभी पांचों विधानसभा सीटों पर निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने की तैयारी है। मतदान को लेकर वोटरों में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदान की शुरूआत होने से पहले ही लोग बूथों पर वोट डालने के लिए पहुंच गए थे। वोटिंग की शुरूआत होते ही लोग कतारबद्ध होकर वोट डालने में जुट गए। बूथों पर महिलाओं की संख्या अधिक देखने को मिली। कुछ वोटर ऐसे मिले जो पहली बार वोट देने के लिए पहुंचे थे। मेदिनीनगर इलाके में बूथ नंबर 166-167 पर वोटरों का आरोप था कि वोट किसी और को दे रहे थे और पर्ची किसी और दल की निकल रही थी। उन्होंने गड़बड़ी का आरोप लगाकर जांच करने की मांग की। हालांकि सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके पर मौजूद पीठासीन पदाधिकारी का कहना है कि मशीन में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं है। पलामू के इन सीटों से 86 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला 17 लाख 31 हजार 538 मतदाता करेंगे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 42 हजार 770 है। पुरूष मतदाता 8 लाख 88 हजार 767 है। पांकी से 14, डालटनगंज से 23, विश्रामपुर से 17, हुसैनाबाद से 18 एवं छतरपुर से 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## गढ़वा में 67 प्रतिशत हुआ मतदान



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधान सभा का चुनाव गढ़वा जिले भर में शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान शाम पांच बजे तक मतदान की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गढ़वा में कुल 67.35 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है जिसमें 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 66.46 प्रतिशत तथा 81 भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में 68.20 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है।दोपहर 12 बजे के बाद मतदान केन्द्रों पर महिला मतदाताओं की अच्छी संख्या मतदान केन्द्रों पर आने लगी। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की रही जहां महिलाओं की अधिकांश संख्या 12 बजे के बाद मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए पहुंचे। इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। वहीं विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मेडिकल टीम भी उपस्थित थी। साथ ही साथ वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गयी थी। गढ़वा जिले के दोनों विधानसभा 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुयी। मतदान प्रारंभ होते ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लाइन लगने लगी। मतदान केन्द्रों पर हो रहे मतदान प्रक्रिया की गतिविधियों की निगरानी समाहरणालय में बने वेबकास्टिंग रूम से की जा रही थी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर वेबकास्टिंग रूम से सभी मतदान केन्द्रों की गतिविधियों का जायजा लिया और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ जवान घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लातेहार जिले के लाभर गांव में चुनाव ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ जवान संतोष कुमार यादव को अचानक गोली लग गई। इसके बाद वहां पर तैनात अन्य जवानों के द्वारा घायल सीआरपीएफ जवान को इलाज के लिए मेदिनीनगर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने घायल जवान संतोष कुमार यादव को रांची मेडिका अस्पताल रेफर कर दिया है।वही घटना की जानकारी मिलने पर पलामू डीआईजी वाईएस रमेश, एसपी रिशमा रमेशन, एसीबी एसपी अंजनी अंजन, डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार, एसआई गुलशन बरुआ, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचकर घायल सीआरपीएफ जवान को अपने देखरेख में हेलीकॉप्टर से इलाज के लिए रांची मेडिका अस्पताल भेज दिया है।

# शहर थाना प्रभारी और टिओपी 2 प्रभारी ने किया बूथ का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह और टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया।बूथ निरीक्षण के दौरान शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने लोगो से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी ने लोगों से अराजकता फैलानों वालों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अफवाह और अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस की सख्त निगाहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान मिथिलेश पासवान, मुकेश सिंह, अमित कुमार, सूर्यनाथ सिंह, राजेश चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# जिला कंट्रोल रूम से हर मतदान केंद्र की निगरानी, एसपी ने संभाली कमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस जिला कंट्रोल रूम में पूरे क्षेत्र की मॉनिटरिंग की जा रही है, जहां पुलिस अधीक्षक खुद निगरानी की कमान संभाली हुई हैं। कंट्रोल रूम से सभी मतदान केंद्रों पर संचार उपकरणों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। एसपी के नेतृत्व में सुरक्षा दल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदाता बेझिझक मतदान कर रहे हैं और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।

## नौड़ीहा बाजार मे शांति पूर्ण तरीका से हुआ मतदान



**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र मे शांति पूर्ण तरीका से मतदान संपन्न हुआ। छतरपुर विस क्षेत्र मे कुल 60.88 प्रतिशत मतदान पड़ा। नौड़ीहा बाजार प्रखंड के पालहे तु डगरा, चौखड़ा, रत्नाग, कौवल भीतिहारवा, मुरुमदाग़, पलवा, भिखीही जैसे कई सुदूरवर्ती इलाके मे मतदाताओं के बीच काफी उत्साह देखी गई। सुबह सात बजे से ही मतदान केन्द्रो पर मतदान के लिए लोगों की लम्बी कतार लगी हुई थी। खबर लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# अविनाश वर्मा ने भी मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 13 नवंबर 2024 लोकतंत्र के महापर्व में हर आम और खास के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लातेहार विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने भी मतदान कर लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने में अपना योगदान दिया।विदित हो कि रांची रोड स्थित बालिका मध्य विद्यालय में बूथ नंबर 277 एवं क्रमांक 441 पर अविनाश वर्मा ने अपना कीमती वोट देकर अपने फर्ज का निर्वहन किया।अविनाश वर्मा कल ही एक लंबे अंतराल के बाद लातेहार विधानसभा से तमाम चुनावी कार्यों को संपन्न करते हुए अपने मत का प्रयोग करने के लिए गृहक्षेत्र मेदिनीनगर आकर अपना फर्ज अपने परिवार के साथ अदा किया।जिसमें उनकी पत्नी श्रीमती पिंकी वर्मा, पुत्री अभिलाष वर्मा एवं पुत्र आकाश वर्मा शामिल है, जबकि अपने पिता स्वर्गीय अखिलेश कुमार वर्मा के 8 वर्ष पूर्व मृत्यु होने के बावजूद मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर आश्चर्य प्रकट करते हुए मतदानकर्मियों के द्वारा बढ़ती जा रही घोर लापरवाही पर सवालिया निशान खड़े किए और कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर मतदाता सूची में जीवित मतदाता को मृत और मृत मतदाता को जीवित घोषित करने का खेल जारी है।

# भवनाथपुर विधानसभा में पहले चरण का शांतिपूर्ण मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के पहले चरण में बुधवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 502 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में मतदान हुआ। इस दौरान मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, और कुल 68.2 प्रतिशत हुआ।मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही लोग अपने-अपने मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध होकर मतदान का इंतजार करते दिखे। सुबह के समय मतदान की गति थोड़ी धीमी रही, लेकिन दिन बढ़ने के साथ मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता गया। सुबह 9 बजे तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में 13.58 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 11 बजे तक बढ़कर 31.09 प्रतिशत पर पहुंचा। दोपहर 1 बजे तक यह प्रतिशत 46.48 प्रतिशत हुआ, जबकि 3 बजे तक यह 61.39 प्रतिशत पर पहुंच गया। शाम 5 बजे मतदान समाप्ति तक कुल 68.2त्न मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के इस महापर्व में बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, पुरुष, युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी ने अपने मत का योगदान दिया। मतदान प्रक्रिया के समापन के बाद, मतदान कर्मियों ने ईवीएम और बैलेट यूनिट को सुरक्षित वाहनों के जरिए बाजार समिति गढ़वा में स्थित वज्रगृह में जमा किया।

## मझिआंव में मतदान केंद्र पर हंगामा, राजद प्रत्याशी के प्रवेश के बाद पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मझिआंव नगर पंचायत अंतर्गत दुबे तहले गांव के बूथ संख्या 152 पर दोपहर लगभग 2:30 बजे राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह के मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश कर बैठ जाने से हंगामा शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ते देख थाना प्रभारी आकाश कुमार ने मौके पर पहुंचकर बल प्रयोग कर भीड़ को शांत किया और नरेश सिंह को बूथ से बाहर निकाला। हंगामे की सूचना पर एसडीपीओ नीरज कुमार भी पहुंचे और मामले को शांत किया। आक्रोशित ग्रामीणों की मांग पर थाना प्रभारी को बूथ से हटाने के बाद ही मतदान फिर से शुरू हो सका। इस घटना के बारे में दुबे तहले गांव निवासी एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विजय दुबे ने बताया कि थाना प्रभारी के आदेश पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोगों को दौड़ाकर पीटा गया। विजय दुबे, लक्ष्मीकांत दुबे उर्फ पिंटू दुबे और राजेंद्र दुबे सहित कई वृद्ध और अन्य ग्रामीणों को चोटें आई, जिससे लोग काफी नाराज हैं। वहीं गांव के वरिष्ठ नेता रामचन्द्र दुबे ने इस घटना को पुलिस का दुरुपयोग बताते हुए निंदा किया है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि नरेश सिंह के मतदान केंद्र के अंदर जाने के बाद स्थिति को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जान बूझकर किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बूथ से 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू होती है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### 99 साल की बुजुर्ग महिला को मतदान केंद्र तक ले जाते हुए



**रांची :** रांची विधानसभा क्षेत्र के ओसीसी कंपाउंड बांग्ला स्कूल में 99 साल के बुजुर्ग को मतदान कराने में मदद करते फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता।

### अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान




**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कांके विधानसभा अंतर्गत नेहरू संस्कृति केंद्र,जवाहर नगर के बूथ संख्या 339 में मतदान किया। संदीप सिंह रांची नगर निगम के नगर आयुक्त हैं।

# आम से लेकर खास तक ने किया मतदान

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने डोरंडा स्थित बूथ पर अपनी पत्नी के साथ जाकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस त्योहार में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

## क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी वोट करने पहुंचे, पत्नी साक्षी भी रहीं मौजूद



रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी अपने परिवार के साथ जेबीएम श्यामली स्कूल में महेंद्र सिंह धोनी ने अपने परिवार के साथ मतदान किया मतदान करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी साक्षी भी मौजूद थी। साथ ही उनके माता-पिता भी मतदान करने आए थे। सुबह से ही धोनी को देखने के लिए लोग इस बूथ से है हट नहीं रहे थे। लोग इंतजार कर रहे थे कि धोनी किसी भी वक्त वोट देने जरूर पहुंचेंगे और लोगों को धोने की एक झलक मिलेगी।

## रांची डीसी वरुण रंजन ने किया मतदान



रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त, रांची वरुण रंजन ने रेड क्रॉस सोसाइटी, मोरहाबादी स्थित बूथ पर अपना मतदान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने रांची के मतदाताओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि भारी संख्या में लोग सुबह से ही मतदान के लिए बूथों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाम 5ः00 बजे तक मतदान केंद्रों में मतदान जारी रहेगा, इससे पहले बूथ पर पहुंचकर अपना वोट अवश्य करें।

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाह देव ने पत्नी के साथ किया मतदान



रांची। 64 हटिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाह देव ने अपनी धर्मपत्नी के साथ किया मतदान।अजय नाथ ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को सम्मिलित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## सीपी सिंह ने किया मतदान




रांची। रांची विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार सीपी सिंह ने अपने रातू रोड स्थित मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया । इसके बाद वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे । सीपी सिंह ने कहा पहले मतदान इसके बाद करें जलपान।

## झामुमो उम्मीदवार महुआ माजी ने की मतदान



रांचु। रांची विधानसभा से महागठबंधन की झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डॉक्टर महुआ माजी ने अपने आवास के नजदीक छोटा नागपुर स्कूल स्थित मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया। डॉक्टर महुआ माजी ने कहा जनता पर पूरा भरोसा है। जहां तक हार जीत की बात है तो 23 नवंबर को मतगणना होगी इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## सुप्रियो भट्टाचार्य ने किया मतदान



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने वर्तमान झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## वरीय पुलिस अधीक्षक ने पत्नी के साथ किया मतदान



**रांची :** विधानसभा चुनाव 2024 में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिंह के द्वारा बरियातू स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने रांची के आम जनता से अपील किए कि वे सभी अपने मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। निर्भीक होकर घरों से निकले और वोट दें। किसी भी तरह की समस्या होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें। रांची पुलिस द्वारा जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## झारखंड हॉकी के महासचिव ने किया मतदान



**रांची।** झारखंड हॉकी के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बिहार महिला हॉकी एशियन चैंपियन ट्रॉफी राजगीर से लौटकर झारखंड विधानसभा चुनाव में राज्यकीय हिन्दी बालक मध्य विद्यालय गाड़ीखाना रांची मतदान केंद्र संख्या -113 पर लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट कर अपने मताधिकार का प्रयोग किए।

# रांची जिला के पांच विधानसभाओं के पांच सीटों पर हुआ मतदान, रांची और हटिया भाजपा का बढ़या टेंशन



**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण के 43 सीटों पर मतदान हुआ। वहीं रांची जिला के साथ विधानसभाओं में से पांच विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। रांची जिला के प्रथम चरण में पांच विधानसभा में मतदान हुआ। मुख्य रूप से रांची विधानसभा , हटिया कांके, मांडर , तमाड़ विधानसभा शामिल है।

**पांच विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशतः** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। वहीं तमाड़ :67.12 प्रतिशत , राँची :51.5 प्रतिशत, हटिया : 58.2 प्रतिशत, कांके : 57.89 प्रतिशत, माण्डर : 72.13 प्रतिशत है।

**मतदाताओं की संख्याः** रांची विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 3,78055, बूथों की संख्या 374 है , जिसमें पुरुष 191524 , महिला 186500 है। हटिया विधानसभा में बूथों की संख्या 496,मतदाता 5244 60 , वहीं पुरुषों की संख्या 261359 महिलाओं की संख्या 263077 , कांके के विधानसभा में ,बूथों की संख्या 482, 480094 मतदाताओं की संख्या है, पुरुषों की संख्या 240894 , महिलाओं की संख्या 239187, मांडर विधानसभा में बूथों की संख्या 430, मतदाताओं की संख्या 378837 और पुरुषों की संख्या 185886, महिलाओं की संख्या 192948 , तमाड विधानसभा में बूथों की संख्या 303, 218018 मतदाताओं की संख्या है , जिसमें पुरुषों के संख्या 108131 और महिलाओं की संख्या 109886 है । पांचों विधानसभा में 72 थर्ड जेंडर मतदाता हैं, जिसमें 67560 युवा वोटर पहली बार वोटर मतदान किए हैं।

## इंडी गठबंधन और एनडीए में सीधे टक्कर

रांची विधानसभा : रांची जिला के पांच विधानसभा में चुनाव संपन्न हो गया । रांची विधानसभा में इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवार डॉक्टर महुआ माजी और एनडीए के उम्मीदवार सीपी सिंह से सीधे टक्कर हुआ । खासकर चुटिया , रातू रोड, अप्पर बाजार , थड़पखना , लालपुर, मिशन रोड, मेन रोड, कर्बला चौक,इमारत ए शरीया गली, बहु बाजार, कोनका रोड, हिंदपीढ़ी, बड़ा तालाब एरिया और कांटा टोली में जमकर मतदान हुआ । वहीं चुटिया और कांटा टोली रिफ्यूजी कॉलोनी में धीरे-धीरे देर तक मतदान होता रहा। राँची ङ्क 51.5 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि भाजपा उम्मीदवार को लेकर थोड़ा नाराजगी देखने को भी मिली है, और महुआ माजी को लेकर मतदाताओं में उत्साह भी है।

**हटिया :** हटिया विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो डोरंडा सीताराम स्कूल 419 ,430 ,425 , रविदास मोहल्ला 427 ,428 सहित फुटकल टोली, तारुप पंचायत, देवरी पंचायत, रातू, पंडरा, तिलता, चंदा घासी आदि में मतदान जमकर हुआ। खास कर हटिया में एनडीए के बीजेपी से नवीन जयसवाल तीन बार विधायक थे , तो वही इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार अजयनाथ शाहदेव उम्मीदवार हैं।

**मांडर :** मांडर विधानसभा चान्हो, लापुंग, इटकी , चोरिया, बेड़ों का कुछ भाग जिसमें पांडे पाड़ा,ब्रांबे का करंजी,चौड़ा,चामा आदि में वोटर निकले और मतदान किया। यहां भाजपा के सन्नी टोप्पो और कांग्रेस से शिल्पी नेहा तिर्की से टक्कर है।हालांकि यहां वोट प्रतिशत माण्डर 72.13 प्रतिशत हुआ है,इसलिए हार जीत का मार्जिन कम रहेगा और सन्नी का वोट पहले से बढ़ेगा।

**तमाड़ :** वहीं तमाड़ के अगर बात कर ले तो यहां पर बुंडू, तमाड़ अड़की ,सिंदरी, बीरबांकी, पुडादिरी, मानकीडीह , लुंगदू,दशमफॉल सहित कई गांव और शहरी क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को वोट किया गया है, तो ग्रामीण क्षेत्र और उसके आसपास में झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार विकास सिंह मुंडा को वोट दिया है , तो वहीं जेएलकेएम महिला उम्मीदवार दयमंति मुंडा ,बाप पार्टी के प्रेम शाही मुंडा और निर्दलीय सिंगराई टूटी विकास सिंह मुंडा का भाई राजकुमार मुंडा भी झापा के उम्मीदवार है ये चारों उम्मीदवार किसका वोट कटते हैं इस पर निर्भर करता है, लेकिन मत प्रतिशत 67.12 रहा इसलिए राजा पीटर को नुकसान हो रहा है।

**कांके :** कांके विधानसभा के अगर बात कर ले तो यह काफी लंबा क्षेत्र है। खलारी, मैक्लुसकीगंज, चंदवे, कोकर, कोकरोदो, हुसीर, कटकमकुली, चुटू, सुकुरहुटू,उरुगुटू,राहड़ा पंचायत आदि है। यहां पिठोरियो और सुकुरहुटू दोनों भाजपा गढ़ माना जाता है, लेकिन इस बार यहां वोट बंटता दिख रहा है। इसलिए भाजपा उम्मीदवार डाक्टर जीतू चरण राम के लिए मुश्किल नजर आ रहा है।

# एनडीए गठबंधन पहले चरण के चुनाव में दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर दर्ज करेगी जीत : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मारू टावर रांची स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पहले चरण के 43 सीटों में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर बड़ी जीत प्राप्त करेगा। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में जनता में उत्साह था। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग परिवर्तन के नाम पर वोट देते दिखें। प्रतुल ने कहा कि दरसल झारखंड की जनता झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार से मुक्ति चाहती थी।हेमंत सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड घपले - घोटाले हुए और पूरी की पूरी कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई।कहा कि जिस तरीके के रुझान मिल रहे हैं उससे यह स्पष्ट की झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनी अनेक परंपरागत सीटों पर भी बुरी तरह हारने की ओर अग्रसर है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में बार जो वोटो का प्रतिशत बढ़ने की प्रबल संभावना है।यह परिवर्तन का सूचक है।प्रतुल ने कहा कि रांची और हटिया के गठबंधन प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायतें मिली थी कि वह मतदान केंद्र के भीतर भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इसकी शिकायत भी चुनाव आयोग में की गई।हुसैनाबाद का एक पुलिस अधिकारी राजद के उम्मीदवार के पक्ष में कार्य कर रहा था। ऐसी सूचनाएं है कि अनेक जगहों पर भी राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों के जरिए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। जैसे-जैसे सूचना आ रही है वैसे-वैसे चुनाव आयोग में शिकायत की जा रही हैं।

अधिकारियों को टूल किट बनाना ठग बंधन की हार की बौखलाहट को साफ दर्शाता है।प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग, सुरक्षा कर्मी, पुलिस प्रशासन का शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए साधुवाद करती है।चुनाव आयोग ने बहुत ही बेहतर व्यवस्था में चुनाव कराया था।कई अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अभी तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है जो अत्यंत प्रशंसनीय है।

बूथों में भी बेहतर व्यवस्था देखने को मिला।प्रतुल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी मतदान कर इस परिवर्तन की लहर में अपनी भागीदारी निभाई । प्रेस वार्ता में तारिक इमरान भी उपस्थित थे

# अजय नाथ और महुआ माजी के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग से किया शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव और पुष्कर तिवारी ने शिकायत दर्ज कराया है । उन्होंने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन, भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायतें दर्ज कराई हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि मईयां सम्मान योजना के तहत चुनाव के ठीक एक दिन पहले रात को राशि भेजने का कदम गलत है। पार्टी ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनाव से ठीक पहले, इस राशि को किसके आदेश पर भेजा गया, जबकि पहले यह राशि हर महीने की 6 और 7 तारीख को भेजी जाती थी। भाजपा का कहना है कि यह मतदान के दिन के नजदीक किया गया भुगतान चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है और इसे पूरी तरह से अनुचित ठहराया। भाजपा ने महागठबंधन के उम्मीदवारों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। हटिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव पर आरोप है कि उनके समर्थक हर बूथ पर उनके फोटोयुक्त पर्चे बांट रहे थे। इस मामले में भी चुनाव आयोग से जांच की मांग की गई है। वहीं, महुआ माजी जो चुटिया क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी हैं, पर भी चुनाव के दौरान पार्टी का पट्टा पहनकर घूमने का आरोप लगा है।चुनाव आयोग ने इन शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया और अजय नाथ शाहदेव तथा महुआ माजी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं, जबकि बाकी मामलों में जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में दोबारा बहुमत के साथ बना रहे हैं सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड विधानसभा के गठन के लिए प्रथम चरण के 43 सिटों पर झारखण्ड के मूलवासी-आदिवासी, महिला-नौजवान, मजदूर किसान ने स्पष्ट जनादेश एवं आशिर्वाद देकर यह स्पष्ट कर दिया की हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में दोबारा दो तिहाई बहुमत के साथ झा.मु.मो., राजद, काँगेस, माले सरकार बनाएगी और हम अपने सभी संकल्पित निर्णयों को क्रियान्वित करेंगे। मैं विशेषकर रांची, हटिया, कांके, जमशेदपुर, आदित्यपुर, चाईबासा, खुंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, चाण्डिल, मानगो, जुगसललाई, घाटशीला, चाकुलिया एवं बहरागोड़ा के प्रबुद्ध मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ




क्योंकि यह पहला मौका है जब इस मिथक को गलत ठहरा दिया गया है कि झा.मु.मो. को शहर के लोग पसन्द नहीं करते हैं। झा.मु.मो. पुरे झारखण्ड राज्य के गांव-टोलो से लेकर शहर के मुहल्ला एवं गलियों में समान रूप से लागों के नित्य जीवन में जरूरी है एवं समाज का सबसे विश्वसनिय आवाज है। हम सब मिल कर इसी तरह अगामी 20 नवम्बर 2024 को सुबह 07 बजे से पंक्तिबद्ध होकर मतदान करें एवं झारखण्ड विरोधी एन.डी.ए. को इस राज्य से सदा के लिए विदाई करें।

## चान्हो प्रखंड क्षेत्र में 72.26 व मांडर प्रखंड 73.51 प्रतिशत हुआ मतदान



**मांडर/चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर विधानसभा चुनाव में बंपर हुई वोटिंग पूरे विधानसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 72.13 प्रतिशत हुआ मतदान वही चान्हो प्रखंड में 72.26 प्रतिशत मतदान हुआ है प्रखंड क्षेत्र के बूथ नम्बर 81 तरंगा में 86.24 प्रतिशत और सबसे कम बूथ नम्बर 1 में 59.23 प्रतिशत मतदान हुआ है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में कुल 62,810 मतदाताओं ने अपने मत अधिकार का प्रयोग किया। मांडर प्रखंड क्षेत्र पर 5 बजे तक मतदान में 73.51 फीसदी मतदान हुआ। एक निर्वाचन अधिकारी ने इसे लेकर जानकारी दी है। वहीं मांडर विधानसभा में कुल 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। जिसमें कांग्रेस ने बंधु की बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन के साझा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा था भारतीय जनता पार्टी ने सन्नी टोप्पो को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। मतगणना 23 नवम्बर को होगी। मतदान के मद्देनजर झारखंड सशस्त्र पुलिस (जेएपी), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सहित सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

## खूंटी और तरपा में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न



**खूँटी/तोरपा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व म 60 खूंटी एवं 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। प्रातः 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक चले इस मतदान में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।वृद्ध, दिव्यांग, महिला, युवा हर वर्ग के मतदाता पूरी उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर मतदान करते दिखे। पूरे दिन मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें सुविधा मुहैया कराने को लेकर जिला निर्वाचन द्वारा मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर, वॉलिंटियर, रैंप, पेयजल, फर्स्ट एड, वाहन समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई। वहीं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लोहाजिमि में यूनिक मतदान केंद्र भी बनाया गया, जिसे मतदाताओं ने खूब सराहा, मतदाता स्वयं पारंपरिक वेशभूषा में मतदान करने पहुंचे, कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का फूल एवं पुष्प गुच्छ देकर भी स्वागत किया गया।

## बेड़ो प्रखंड में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण समपन्न



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में मांडर विधानसभा चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जहां विधानसभा के कुल 17 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला एवीएम में बंद हो गया। उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 23 नवंबर को पंडरा में मतगणना के बाद आएगा। बेड़ो प्रखंड में कुल 92 हजार सात सौ चालीस जिनमें महिला 47086 और पुरुष 45653 और एक वोटर जेंडर मतदाता है। वहीं चुनाव में प्रखंड में कुल 67736 मतदाताओं मतदान किया। जो कुल मतदान का 73.04 प्रतिशत रहा। जिनमें प्रखंड के 32649 पुरूष मतदाता और 35087 महिला मतदाता ने मतदान किया। जहां पुरुषों की तुलना में 2435 महिलाओ ने अधिक मताधिकार का प्रयोग किया। जहां सर्वाधिक वोट राजकीय प्राथमिक विधालय टिकराटोली बुथ संख्या 215 पर कुल 816 मतदाताओं में से 723 मतदाताओं ने वोट डाले जो 88.60 प्रतिशत रहा। जबकि सबसे कम मतदान राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो बूथ संख्या 235 में कुल 854 मतदाताओं में 478 मतदाताओं ने मतदान किया। जो मतदान प्रतिशत 55.97 रहा। चुनाव में महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखी गयी। जो घंटों लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इधर जनरल ऑब्जर्आर गिरीश ने राजकीय मध्य विधालय पुरियो कन्या में बुथ 216, 217, 218 और राजकीय प्राथमिक विधालय सेमरा बूथ 222 का भौतिक निरक्षण किया।

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की विभिन्न पहलों का हुआ शुभारंभ

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की 4,027 करोड़ रुपये की विभिन्न पहलों का शुभारंभ कर राष्ट्र को समर्पित किया। ये पहल स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराने और सरकार के मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप सामग्री के उत्पादन पर केंद्रित होंगी।घरों तक पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पहुंचाने तथा वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्प उपलब्ध कराने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप बीपीसीएल 3,638 करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश के साथ बिहार के पांच प्रमुख जिलों दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क विकसित कर रहा है।

# खलारी के 60 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

# पूरे प्रखंड में करीब 60 फीसदी हुआ मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखंड क्षेत्र के 60 बूथों में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। खलारी में करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ. 2019 के विधानसभा चुनाव में 57.64 फीसदी मतदान हुआ था। खलारी प्रखंड को प्रशासनिक दृष्टिकोण से छह कलस्टर में बांटा गया था. मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ. इसके पहले से ही लोग मतदान के लिए लाइन लगाकर खड़े थे. अधिकांश बूथों पर बारह बजे तक आधा से अधिक मतदाता वोट दे चुके थे. उसके बाद मतदान कुछ धीमा हो गया. सुरक्षा व्यवस्था में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, बीएसएफ व एसएसबी पारामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला पुलिस बल के जवान लगे थे. वहीं जोनल मजिस्ट्रेट खलारी बीडीओ संतोष कुमार व अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट क्षेत्र में भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण करते रहे. कई बूथों पर वोलेन्टीयर्स बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मदद करते दिखे. सात बूथों पर अपराह्न चार बजे तक तथा शेष 53 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। प्रत्याशियों के पोलिंग एजेन्टों की मौजूदगी में ईवीएम को सील किया गया.

**बुलंद हौसले के साथ बुजुर्ग व दिव्यांगों ने किया मतदान :** लोकतंत्र के महापर्व में खलारी के दिव्यांग व बुजर्ग मतदाताओं ने भी हौसला दिखाया. दिव्यांग अथवा बुजुर्ग मतदाताओं में वोट डालने के प्रति उनका जज्बा दिखाई दे रहा था. कोई पुत्र की मदद से तो कोई नाती, पोते के साथ, तो कोई स्वयं जैसे-तैसे पोलिंग बूथ पर पहुंचा और अपने मत का प्रयोग किया। मजबूत इरादे के साथ अपनी बैसाखी व ट्राई साइकिल के सहारे दिव्यांग मतदाता बूथ तक पहुंचे. ढलती उम्र भी बुजुर्ग मतदाताओं के सामने बाधा नहीं बन सकी. दिव्यांग में जनता हाई स्कूल खलारी स्थित बूथ संख्या 18 पर धन्ना गंझू तथा राउमवि डुन्डू स्थित बूथ संख्या 58 में देवनारायण ठाकुर वोट डालने आए थे। इधर कई ऐसे मतदाता भी दिखे जो वर्तमान में खलारी से बाहर रांची में रह रहे हैं, वे रांची से आकर अपना वोट डाल गए।



### पहला वोट डालने के लिए उत्साहित थे नये मतदाता

पहली बार वोटर बने नए मतदाता अपना वोट डालने के लिए उत्साहित दिखे। अधिकतर नए मतदाता अपने अभिभावक के साथ मतदान केंद्र पहुंचे थे। नए मतदाताओं ने कहा कि इस बार से वे भी इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा हो गए हैं। नए मतदाता में जीनत परवीन, आयुष वर्मा, गुड़िया कुमारी, खुशी रानी, रूद्राणी मिश्रा, इंदु कुमारी, रितिक वर्मा आदि शामिल थे।



### बूथ संख्या 31 में एक घंटे देर से शुरू हुआ मतदान

खलारी के बूथ संख्या 31 में ईवीएम मशीन में खराबी आ जाने के कारण सुबह सात बजे से मतदान शुरू नहीं हो सका। मतदानकर्मियों के प्रयास के बाद भी मशीन ठीक नहीं हुआ। अंततः रिजर्व ईवीएम को वोटिंग के लिए लगाया गया, इसके बाद सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ।

### महिला वोटरों में दिखा उत्साह, कहा बिना दबाव के दिया वोट



लोकतंत्र के इस महापर्व में आधी आबादी महिलाओं में मतदान को लेकर पूरा उत्साह दिखाई दिया. महिलाओं ने बढ़चढ़ कर मतदान करते हुए अपनी वोट की ताकत दिखाई. बूथों पर दिनभर महिलाओं की कतार नहीं टूटी. महिलाओं ने निर्भीक होकर वोट डाला. महिलाओं में मतदान को लेकर भारी जागरूकता नजर आई. खलारी प्रखंड में महिला मतदाताओं की संख्या 27490 है. सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई. प्रखंड के सभी बूथों पर महिलाओं की कतार लगी रही। ग्रामीण इलाकों में पुरुषों से ज्यादा महिला की लाइन लंबी दिखाई पड़ी. मुस्लिम महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया. शाम पांच बजे तक महिलाएं मतदान करने बूथों पर पहुंचती रहीं. महिलाओं का कहना है हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए. तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा. बूथों पर वोट डालने आई महिलाओं ने बताया कि किसी के दबाव में नहीं अपनी मर्जी से वोट किया.



### बूथ पर पहला वोट डालने के लिए लगी थी होड़

बूथ पर पहला वोट डालने के लिए भी मतदाताओं में होड़ लगी थी। सबसे पहला मतदान करने वालों को निर्वाचन आयोग की ओर से प्रमाण पत्र दिया जा रहा था। सबसे पहले मतदान करने वालों में प्रभाकर



### खलारी के प्रशासनिक अधिकारियों ने डाला वोट

खलारी के प्रशासनिक अधिकारियों ने डीएवी स्कूल खलारी स्थित बूथ में अपना वोट डाला। वोट डालने वालों में जोनल मजिस्ट्रेट सह खलारी बीडीओ संतोष कुमार सपत्निक, खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट, खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह शामिल थे



### मतदाता पहचान पत्र होने के बावजूद विलोपित मिला नाम

मतदाता सूची में नाम विलोपित कर दिए जाने के कारण प्रखंड के कई बूथों में अनेक लोग मतदान से वंचित रह गए. इन सभी के पास उनका मतदाता पहचान पत्र भी था। कई ऐसे मतदाता भी थे जिन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में वोट डाला था परंतु इसबार मतदाता सूची में उनके नाम के आगे डिलीटेड लिखा था। वोटर्स हेल्पलाइन एप्प में अपना वोटर आईडी का नंबर डालकर अपना क्रमांक खोजते रहे परंतु वहां भी नहीं मिला। अंततः उन्हें निराश लौटना पड़ा।

# सिल्ली के पतराहातु में आजसू पार्टी जन आशीर्वाद सभा का आयोजन

# हिमंत बिश्वा शर्मा ने सुदेश कुमार महतो के पक्ष में मतदान की किया अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली के पतराहातु स्कूल मैदान में बुधवार को आजसू पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के मुख्य मंत्री हिमंत बिश्वा शर्मा ने जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो को एक लाख से ज्यादा वोट मिलेंगे। क्यूंकि जनता इस जन विरोधी सरकार से तंग आ चुकी है इसे बदलने के मूड में है। पहले चरण के मतदान में भी एनडीए के पक्ष में मतदान हुआ है इसके संकेत मिल रहे है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है। जनता से किए वादे से मुकर



गई है जनता को ठगा है राज्य को लुटा है। झारखंड में बालू सोने से महंगा हो गया है आवास के नाम पर 30 से 40 हजार का घुस चलता है। सरकार ने प्रत्येक साल पांच लाख नौकरी का वादा किया था लेकिन किसी को नौकरी नहीं मिली।उत्पाद सिपाही भर्ती में नौकरी का रिजल्ट नहीं निकला लेकिन 20 लोग मर गए।

इस सरकार मे परीक्षा के लिए 30 लाख में प्रश्न पत्र बिकते है। हेमंत सोरेन ने शादी में सोने सिक्का देने का वादा किया था। किसी को नहीं मिला। सरकार बुजुर्ग के पेंशन को रोक कर मईया को पैसे दिए जा रहे है ऐसे सम्मान नहीं होता है। हिमांता ने कहा कि भाजपा आजसू की सरकार बनी तो पहले साल ही डेढ़ लाख नौकरी देंगे। बुजुर्ग को ढाई हजार और महिला को इक्कीस सौ महीना देकर महिला का सम्मान करेंगे। घर बनाने के लिए आजसू बीजेपी की सरकार बालू मुफ्त में देने का काम करेगी। साल में दो सिलेंडर फ्री मिलेगा। लैंड पासबुक बनेगा। सहारा में फंसे पैसे वापस किए जाएंगे। उन्होंने जनता से सुदेश महतो को वोट देकर इस सरकार को बदलने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि इस सरकार ने राज्य को जितना लुटा है उसी राशि से ही राज्य के जनता का भला हो सकता है। इस लुट की सरकार को बदलने की जरूरत है। क्षेत्र के विकास मेरी प्राथमिकता है यहां के स्कूलों में आठवीं से 11वीं तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन देने वाला यह पहला विधानसभा है। यहां के स्कूलों में स्मार्ट क्लास से बच्चे पढ़ते है। स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में भी कई काम हो रही है लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय सचिव सुनील सिंह ने किया। इस मौके पर बुद्धिजीवी मंच के डोमन सिंह मुंडा, भाजपा के जितेंद्र पटेल, राजा राम महतो, धीरज महतो, आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, संजय सद्धार्थ ,जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, सविता रानी, आजसू पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख समेत आजसू भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिपरवार के 33 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान







प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे बुधवार को कड़ी सुरक्षा व शांतिपूर्ण माहौल मे मतदान संपन्न हुआ।पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कुल 33 बुथो पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ।पिपरवार थाना क्षेत्र के कुल छः पंचायतो मे तीन पंचायत के लोग बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र और तीन पंचायत के लोगों ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान किया।जानकारी के अनुसार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा दक्षिणी,बचरा उतरी और किचटो पंचायत मे कुल 20 बुथो पर मतदाताओ ने उत्साह के साथ मतदान किया।वही चतरा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कल्याणपूर,बहेरा और बेंती पंचायत के कुल 13 बुथो पर मतदान हुआ।सुबह सात बजे से पूर्व सभी बुथो पर मतदाताओ की भीड़ जमा हो गई।पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए मतदाता अपने-अपने बुथ पर पहुंचकर शांतिपूर्ण माहोल मे मतदान किया।बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बचरा दक्षिणी व बचरा उतरी पंचायत के बचरा हाई स्कुल,बचरा मिडिल स्कुल,बचरा बस्ती मिडिल स्कुल व होशिर मिडिल स्कुल के सभी बुथो पर मतदाताओ की भीड़ लगी रही।वही सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के बेंती हाई स्कुल,बहेरा उर्दु स्कुल,राजधर मिडिल स्कूल और कल्याणपूर मिडिल स्कुल मे भी मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इस दौरान सभी बुथों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।बुथो पर दंडाधिकारी के साथ काफी संख्या मे सुरक्षा कर्मियो को तैनात किया गया था।वही बुथो के बाहर कुछ दुरी पर विभिन्न राजनैतिक दलो के लोगो का जमावड़ा दिन भर लगा रहा।बचरा उत्तरी पंचायत के होशिर गांव के मिडिल स्कूल में बनाए गए बुथ में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ देखी गई।यहां पर मात्र एक ही बुथ रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और मतदाता दिन भर लंबी लाइन में लगे रहे।

**वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओ मे भी दिखा उत्साह :** पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सभी बुथो पर मतदाताओ मे उत्साह का माहौल देखा गया।वही कई बुथो पर वृध्द व विकलांग मतदाताओ का भी उत्साह देखा गया।बचरा हाई स्कुल,बचरा मिडिल स्कूल,बचरा बस्ती,होशिर बस्ती,बहेरा,किचटो,बेंती व कल्याणपूर के कई बुथो पर वृद्ध व विकलांग मतदाता मतदान करते देखे गये।जिला प्रशासन के द्वारा वृद्ध व विकलांग मतदाताओ के लिए बुथ में अलग से बैठने की व्यवस्था की गई थी।बचरा हाई स्कुल के बुथ में 100 वर्षीय वृध्द महिला जोश और जज्बे के साथ मतदान करने पहुंची और मतदान के बाद क्षेत्र के लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया।अपनी लाचारी को मजबुरी न समझते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के वृद्ध व दिव्यांगजनो ने बढ़-चढ़कर मतदान किया।

## पहली बार वोट करने वाले युवा मतदाताओं मे रहा उत्साह का माहौल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कुल छः पंचायतो के 33 बुथों पर कड़ी सुरक्षा के साथ मतदान संपन्न हुआ।मतदान के दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओ मे काफी उत्साह का माहौल देखा गया।बहेरा पंचायत के उर्दू मिडिल स्कुल के बुथ संख्या 411 मे पहली बार मतदान करने पहुंची 18 वर्षीय आंचल भारती खुशी से फूले नही समा रही थी।मतदान करने के बाद आंचल ने कहा कि 18 वर्ष के बाद उसे लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव मे मतदान करने का अवसर मिला है,जिससे वह काफी खुश है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया है।इधर बचरा हाई स्कुल और बचरा मिडिल स्कुल सहित अन्य कई बुथों पर भी युवा मतदाता पहली बार मतदान के लिए पहुंचे और उत्साह के साथ मतदान कर दुसरे मतदाता को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।युवा मतदाताओं ने कहा कि पहली बार मतदान करने में काफी अच्छा लगा और लोकतंत्र के बारे मे भी जानकारी मिली।लोकतंत्र मे मतदान हमारा अधिकार है और मतदान के माध्यम से हम अपनी सरकार चुनते है।लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओ को मतदान करने की जरूरत है।

## पिपरवार के सभी बुथो पर रहा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सभी 33 बुथों पर पिपरवार पुलिस के द्वारा सभी बुथो पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया था।सभी बुथो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल के जवान तैनात देखे गये।टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार व पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय पिपरवार क्षेत्र के सभी बुथो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे।मतदान केन्द्रो पर मतदान कर्मी व मतदाता के अलावा अन्य किसी लोगो के आने-जाने की ईजाजत नही थी।एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार व पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सभी बुथो पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल मे मतदान संपन्न हुआ।कही से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नही है।मतदाता शांतिपूर्ण और उत्साह के साथ अपना मतदान किया।मतदाताओ की सुरक्षा मे पुलिस बल के जवान सभी बुथो पर तैनात थे।मतदान संपन्न होने के बाद सभी मतदान कर्मियों को मतदान सामाग्री के साथ संबंधित बुथो से कड़ी सुरक्षा के बीच जिला मुख्यालय पहुंचाया गया।शांतिपूर्ण मतदान के लिए आम जनता का सहयोग सराहनीय रहा।इधर मतदान के दौरान पिपरवार पुलिस व उड़न दस्ता की टीम पुरे इलाके मे गश्त करती रही।वही सीमांत क्षेत्रो मे पुलिस चेकनाका व बैरियर लगाकर वाहनो की जांच के साथ अपना अभियान जारी रखा।मतदान के दौरान पिपरवार पुलिस की टीम दिन भर अलर्ट रही।

## हमने भी किया मतदान



जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सपरिवार लोयोला स्कूल स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं जिलावासियों से बढ़ चढ़कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की।



जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर की सुसंस्कृत जनता को शांतिपूर्ण मतदान के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने अपने परिवार के साथ डी बी एम एस कदमा हाई स्कूल के बूथ संख्या 102 में लाइन में लगकर एक आम आदमी की तरह मतदान किया.



ईचागढ़ विधासभा से इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी सबिता महतो परिवार के साथ मतदान किया।




टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितु राज सिन्हा और उनके परिवार ने वोट डाला।



जमशेदपुर पूर्वी के एक मतदान केंद पर तीन पीढ़ी एक साथ मतदान किया।



सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन तथा आरएसबी के मैनेजिंग डायरेक्टर एस के बेहरा ने परिवार सहित मतदान किया


### शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान, डीईओ ने मतदान समाप्ति के बाद प्रेस को किया संबोधित

# पूर्वी सिंहभूम जिले के 6 सीटों पर 67.10 फीसदी मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड में प्रथम चरण चुनाव के साथ पूर्वी सिंहभूम जिले के 6 सीटों पर में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार जिले में 67.10 फीसदी मतदान हुआ।





सेल्स टैक्स भवन, सभागार जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा मतदान समाप्ति के पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया । सभी आर.ओ इस अवसर पर मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया । उन्होने बताया कि संध्या 5 बजे तक जिला का मतदान प्रतिशत 67.10 प्रतिशत रहा, कई बूथों पर मतदाता 5 बजे तक कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है । उन्होंने कहा मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सूचना नहीं मिला है। निर्भीक होकर मतदाता अपने घर से निकलकर मतदान केंद पहुंचे और अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जहां बुजुर्गों के साथ युवा मतदाताओं ने भी बढ़चढ़ कर लोकतंत के महापर्व में हिस्सा लिया।

विधानसभावार देखें तो 44-बहरागोड़ा- 78.2 प्रतिशत, 45-घाटशिला- 75.85 प्रतिशत, 46-पोटका- 73.3 प्रतिशत, 47-जुगसलाई- 69.12 प्रतिशत, 48-जमशेदपुर पूर्वी- 56.99 प्रतिशत , 49- जमशेदपुर पश्चिम- 56.53 प्रतिशत है।

## फर्स्ट वोटर्स ने मतदान कर किया खुशी का इजहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के विभिन्न बूथों पर विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार वोट देने आए मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। गम्हरिया के जगन्नाथपुर स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के बूथ संख्या 54 में प्रथम बार मतदान करने पहुंची सोनम कुमारी ने बताया कि उसे काफी खुशी हो रही है कि उसे इस महापर्व में हिस्सा लेकर क्षेत्र के प्रतिनिधि को चुनने का अवसर मिला है। साथ ही, मतदान करने की प्रक्रियाओं को अबतक सुनते आई हूं। इस बार स्वंय मत देकर उस प्रक्रिया को क्रियात्मक रूप से जानने का मौका मिला।



# अपार समर्थन एवं प्यार देने के लिए पूर्वी जमशेदपुर की जनता का धन्यवाद : डॉ अजय

### - अजय को देख एक बुजूर्ग महिला ने कहा कि मैंने आपको ही वोट दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय ने बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी की जनता को अपार समर्थन एवं प्यार देने के लिए धन्यवाद देते हए कहा कि जमशेदपुर की जनता ने जो मुझ पर विश्वास किया है. उसके लिए मैं उनका ऋणी हूं. मैं विश्वास दिलाता हूं कि जमशेदपुर की जनता की आकांक्षों एवं उम्मीदों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करुंगा. जमशेदपुर को उसकी प्रतिष्ठा दिलवाउंगा. वहीं डा. अजय कुमार ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया साथ ही सभी मीडिया एवं पत्रकारों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया ने इस चुनाव को बहुत ही रोचक बना दिया, उनकी निष्पक्षता पर मुझे गर्व है. उन्होंने विशेष रुप से पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार निस्वार्थ एवं समर्पण की भावना से कार्यकर्ताओं ने चुनाव कार्य को संपन्न कराया है. उनके सहयोग के बिना यह संभव ही नही था. वहीं मतदान केंद्रों का दौरा करने के दौरान मतदाताओं ने डा. अजय का गर्मजोशी से साथ स्वागत किया. कई युवाओं उनके साथ सेल्फी लिया. वहीं महिला मतदाताओं ने भी डा. अजय को जीत की बधाई दी. सीतारामडेरा मतदान केंद्र में डा. अजय को देख कर एक बुजूर्ग महिला ने कहा कि मैंने आपको ही वोट दिया है आपकी जीत पक्की है. ओवर ऑल जमशेदपुर पूर्वी के मतदाताओं का रुझान डा. अजय कुमार के पक्ष में रहा. कई लोग मुखर होकर नहीं बोल रहे थे लेकिन उनके भाव से स्पष्ट हो रहा था कि वो 25 वर्षों के कुशासन से नाराज थे. डॉ अजय कुमार अपनी पत्नी रीना आर्या के साथ सबसे पहले गोलमुरी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की उसके बाद टेल्को स्थित शिक्षा निकेतन स्कूल के बूथ संख्या 148 पर मतदान किया. उसके बाद अपने सभी क्षेत्रों का दौरा कर मतदान का जायजा लिया एवं कार्यकर्तओ की हौसला अफजाई की.



## मानगो में तीन दिवसीय श्याम जन्मोत्सव में गूंजते रहे खाटू वाले के जयकारे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 25वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव तीसरे दिन बुधवार को मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में धुमधाम से संपन्न हुआ। बुधवार को दोपहर 12.15 बजे बारस का पूजन हुआ। भोग (महाप्रसाद) संध्या 07.15 बजे से शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। महाप्रसाद में लगभग दो हजार लोग जुटें। इससे पहले मंगलवार की देर रात तक भजनों संग बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। मंगलवार की शाम 08.15 बजे यजमान उर्मिला-शंकर लाल अग्रवाल, रजनी-तुलसी खेमका सहित सुधा-बन्ना गुप्ता ने पूजा की। पंडित नाथु लाल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। हजारों भक्तों ने श्याम बाबा का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। रात 12 बजे केक कटिंग के बाद भक्तों के बीच बधाई बांटी गयी। देर रात महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, सचिव विजय खेमका और कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल सहित संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान आमंत्रित कलाकार युगल जोड़ी रिया एवं रिशु के सी अग्रवाल (नेपाल), राहुल सोनी (भागलपुर), जय श्री एण्ड पार्टी (कोलकात्ता) तथा गंगा शर्मा (दरभंगा) के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की गयी।



## खरसावां से झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने आपने पैतृक गांव में किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा के विधायक सह झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने अपने पैतृक गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोसोदिकी बूथ में मतदान किया। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता व आम जनता को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य में इस बार फिर से महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही है।



## चक्रधरपुर में 66.50, मनोहरपुर में 63.43 प्रतिशत के साथ शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत पोड़ाहाट अनुमंडल के चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को हुए मतदान के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान को लेकर उत्साह दिखाया।शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान चला। जबकि नक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती क्षेत्र में सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। चक्रधरपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में भी मतदाताओं ने घरों से बाहर निकलकर अपने बूथ पर जाकर मतदान किया। शाम पांच बजे तक चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में 66.50 प्रतिशत और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में 63.43 प्रतिशत मतदान हुआ। चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव, गोईलकेरा, गुदड़ी समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बूथों पर आईटीबीपी, बीएसएफ के जवान समेत सुरक्षा बल के जवान मोर्चा संभाले हुये थे। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी भी की जा रही थी।



# कड़ी सुरक्षा के बीच खरसावां विस में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 78.71 प्रतिशत मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** राज्य के 43 विधानसभा सीटों पर बुधवार को पहले चरण की चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच खरसावां विस क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। खरसावां विस क्षेत्र में 282 बूथ बनाये गये थे। सभी बूथों पर सुबह से ही वोटिंग के लिये लोग पहुंचने लगे थे। सभी बूथों में मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरु हुई। समय के साथ साथ मतदान का प्रतिशत भी बढ़ने लगा। खरसावां विस क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 78.71 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किये गये थे। खरसावां-कुचाई के सभी बूथों पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गयी थी। साथ ही पुलिस के जवान लगातार गस्त भी करते रहे। सुबह के वक्त खरसावां के विभिन्न बूथों में पुरुषो से अधिक महिलाओं की भीड़ देखी गयी। अल्पसंख्यक क्षेत्र के बूथों में भी महिलाये मतदान करने सुबह सुबह बूथों पर पहुंचे थे। खरसावां विस क्षेत्र के कदमडीहा,बेहरासाही,कमलपुर, मुंडिया,बालीगुमा आदि क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने भी मतदान को लेकर उत्साह दिखाया। मतदान के लिये दिव्यांग मतदाताओं के दिये खास व्यवस्था की गयी थी। बूथों पर सुरक्षा बल के जवानों को भी दिव्यांग मतदाताओं को ह्वील चैयर के जरीये बूथों पर पहुंच कर मतदान करते देखा गया। कुचाई के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया था. बूथों कुचाई के सीमावर्ती नक्सल प्रभावित जोंबरो,रेगाबेडा,कोमाय, गिलुवा,सियाडीह,तोरंबा आदि क्षेत्रों में लोगों को भय मुक्त हो कर मतदान करते देखा गया। वर्ष 2019 के विस चुनाव में इन क्षेत्र के बूथों में काफी कम मतदान हुआ था। इस बार बड़ी संख्या में लोगों ने इन बूथों पर मतदान किया। पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षा बल के जवान दिन भर गस्त करते रहे। इन बूथों में बीएसएफ ,सीआरपीएफ, एसएसबी समेत अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गयी थी।



## मधुमेह में कमी बनाम सुधार पर नारायणा हॉस्पिटल के डॉ. कल्याण ने मरीजों में जगाई नई उम्मीद

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के प्रमुख मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. कल्याण कुमार ने मधुमेह मरीजों और चिकित्सा क्षेत्र के लिए नई उम्मीद जगाई है। डॉ. कुमार का उपचार विशेष रूप से मधुमेह के रिवर्सल की बजाय रेमिशन पर केंद्रित है। हाल ही में डबल्यूएचओ और एडीए ने मधुमेह रेमिशन को प्रोत्साहित किया है। उनके अनुसार, जो मरीज बिना दवाओं और इंसुलिन के एचबीए1सी स्तर 6.5 प्रतिशत से कम बनाए रखते हैं, उन्हें रेमिशन की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह तब संभव है जब मधुमेह का निदान हाल के छह वर्षों में हुआ हो और रोगी इंसुलिन का प्रयोग न कर रहा हो। मोटापे का प्रबंधन रेमिशन के लिए महत्वपूर्ण है। 5-10 प्रतिशत वजन घटाने से मेटाबॉलिज्म में सुधार हो सकता है, और 10-15 प्रतिशत वजन घटाने से रेमिशन की संभावना बढ़ सकती है। डॉ. कुमार का प्रोटोकॉल भीएलसीडी भीएलईडी, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर आधारित है, जिससे रोगी अपनी इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ा सकते हैं और दवाओं पर निर्भरता कम कर सकते हैं।



## सरायकेला विधानसभा में शांतिपूर्ण 71.54 प्रतिशत मतदान, शहरी की अपेक्षा ग्रामीणों में दिखा रुझान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के सभी बूथों पर बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सरायकेला विधानसभा में शाम 5 बजे तक 71.54 प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी क्षेत्रों में अधिकतर बूथों पर भीड़ कम रही। लेकिन दिन के चढ़ने के साथ ही कई बूथों पर मतदाता के आने की सिलसिला शुरू हो गया। जबकि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं का रुझान मतदान के प्रति रहा। ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश बूथों पर प्रातःकाल छह बजे से ही मतदाताओं की भीड़ जुटनी प्रारम्भ हो गई जो दोपहर तक जारी रही। इधर, शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे के साथ चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। झारखंड पुलिस के जवानों के साथ साथ भारी संख्या में सीआरपीएफ के महिला और पुरुष जवानों को बूथों पर तैनात किया गया था। गम्हरिया के बीडीओ और सीओ समेत अन्य अधिकारियों द्वारा भी लगातार बूथों का दौरा कर जायजा लिया गया। किसी भी बूथ से कोई अप्रिय सूचना नहीं है।



## ईचागढ़ में 77.98 प्रतिशत मतदान, कर्मियों के सुस्त प्रदर्शन से बनी लंबी कतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतार लगी रही। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक कुल 77.98 प्रतिशत मतदान हुआ। कहीं मतदान कर्मी सुस्त तो कहीं जल्द मतदान कराया गया। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मतदान संख्या 4 में 4 बजे तक लम्बी कतार देखा गया। बताया गया कि मतदान कर्मियों के सुस्त प्रदर्शन से घंटों लोगों को लाइन में खड़ा रहना पड़ा। ईवीएम मशीन में उम्मीदवारों की पहचान चिन्ह छपे हैं जो ब्लैक एंड व्हाइट छाप क्रमांक संख्या होने के कारण बूढ़े बुजुर्गों को आंखों में देखना मुश्किल हो गया । वहीं पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं को मतदान करना बहुत अच्छा लगा। वहीं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 77.98 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद एवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच सरायकेला ले जाया गया। कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी, शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया गया। सभी बूथों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। बीडीओ एकता वर्मा ने भी घुम घुम कर बूथों में हो रहे मतदान का जायजा लिया।



विचार प्रवाह

संपादकीय

# हरियाणा की विफलता

अतीत में भी हरियाणा का लिंग अनुपात असंतुलन राज्य के लिये असहज करने वाली स्थिति ही रही है। कालांतर सरकार के प्रयासों व जन जागरूकता के चलते स्थिति में कुछ सुधार आया था। लेकिन एक बार फिर परेशान करने वाली हकीकत सामने आई है। दरअसल, वर्ष 2023 की तुलना में इस साल के दस महीनों की अवधि यानी जनवरी से अक्तूबर के बीच जन्म के समय लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि जिस राज्य को लगभग एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख रूप से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू करने के लिये चुना, वहां जन्म के समय लिंग अनुपात में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से लिंग असंतुलन से जूझ रहे इस राज्य को एक बार फिर चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जब इस साल के सिर्फ दो महीने की बाकी हैं, स्थिति में अधिक बदलाव की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। जैसे कि हालात हैं इतने कम समय में बड़ा बदलाव संभव नहीं है। तो इसे पिछले आठ वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में जन्म के समय का लिंगानुपात वर्ष 2015 में 876 से बढ़ने पर आशातीत परिवर्तन की शुरूआत हुई थी। इसी साल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत भी की गई थी। कालांतर सरकारी प्रयास और जन भागीदारी से इस दिशा में आशातीत परिणाम सामने आए। जिसके चलते वर्ष 2019 में लिंगानुपात 923 के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक जा पहुंचा था। लेकिन हाल के वर्षों में इसमें फिर गिरावट देखी जा रही है। जो तंत्र को आत्ममंथन को बाध्य करती है कि इस गिरावट के तात्कालिक कारण क्या हो सकते हैं। यह भी एक हकीकत है कि सकारात्मक बदलाव सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही संभव नहीं। इसके लिये समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना नितांत जरूरी हो गया है। यह भी एक हकीकत है कि हरियाणा में लिंग अनुपात में आई गिरावट कहीं न कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता की ओर इशारा करती है। ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये जरूरी है कि बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में प्रगति की सोच विकसित की जाए। जिसका मकसद हो कि समाज में बालिकाओं के जन्म और अधिकारों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन लाया जाए। लोग बेटियों को लेकर किसी तरह की असुरक्षा महसूस न करें। मौजूदा स्थितियों को देखकत तो ऐसा लगता है कि हमारा तंत्र कन्या भ्रूण हत्या संकट खत्म करने के लक्ष्यों से अभी भी काफी दूर है। वहीं दूसरी ओर लिंग निर्धारण परीक्षणों में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों की संख्या में इस साल आई चिंताजनक गिरावट कानून प्रवर्तन और स्वास्थ्य एजेंसियों की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान भी है। निस्संदेह, भ्रूण हत्या जैसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से किसी भी स्तर पर चूक नहीं की जानी चाहिए। एक और बड़ी चुनौती समाज में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलने की भी है। इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि लिंगानुपात में विषमता उस राज्य के लिये शर्मिंदगी की ही बात है, जिसकी तमाम महिला खिलाड़ी, विशेष रूप से महिला पहलवान, महिला निशानेबाज और महिला मुक्केबाज अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में धूम मचा रही हैं। ऐसे वक्त में जब हाल ही में डबल इंजन सरकार को राज्य के लोगों ने लगातार तीसरी बार सकारात्मक परिवर्तन के लिये चुना है, उसका भी दायित्व बनता है कि तंत्र की कारगुजारियां समाज में बदलाव की वाहक बनें। इन हालात में हरियाणा को हमेशा लैंगिक समता के क्षेत्र में पिछड़ने के बजाय बेटियों का जश्न मनाने में अग्रणी रहना चाहिए। तभी हम एक ऐसे समाज की स्थापना करने में सक्षम हो सकते हैं जहां बेटे व बेटी में किसी भी स्तर का भेदभाव न हो। जन जागरण इसमें रचनात्मक भूमिका का निर्वाह कर सकता है।


कालांतर सरकार के प्रयासों व जन जागरूकता के चलते स्थिति में कुछ सुधार आया था। लेकिन एक बार फिर परेशान करने वाली हकीकत सामने आई है। दरअसल, वर्ष 2023 की तुलना में इस साल के दस महीनों की अवधि यानी जनवरी से अक्तूबर के बीच जन्म के समय लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि जिस राज्य को लगभग एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख रूप से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू करने के लिये चुना, वहां जन्म के समय लिंग अनुपात में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से लिंग असंतुलन से जूझ रहे इस राज्य को एक बार फिर चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जब इस साल के सिर्फ दो महीने की बाकी हैं, स्थिति में अधिक बदलाव की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। जैसे कि हालात हैं इतने कम समय में बड़ा बदलाव संभव नहीं है। तो इसे पिछले आठ वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में देखा जाएगा।


### भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है

# ट्रम्प की जीत के भारत के लिए मायने

डॉ. सत्यवान सौरभ

ट्रम्प की जीत भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। ट्रम्प की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्त्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में सिर्फ़ इतना ही काफ़ी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा। ट्रम्प को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। डीप स्टेट के लिए बदतर यह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे दोनों युद्ध या तो संप्रभु बहुपक्षीय समन्वय द्वारा समाप्त कर दिए जाएंगे, या, उन्हें सामान्य रूप से व्यवसाय की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कालीन के नीचे दबा दिया जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डेमोक्रेट तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट के बीच कहर बरपाया है और लिज़ चेनी जैसे सच्चे रिपब्लिकन राजघराने ने डेमोक्रेट के लिए खुलकर प्रचार किया है। पहली नज़र में यह भ्रामक लग सकता है, यहाँ तक कि अजीब भी, लेकिन ऐसा तब होता है जब राजनीतिक विचारधारा उतनी ही तेज़ी से खरगोश के बिल में चली जाती है जितनी कि अमेरिका में। अगर पार्टियों को अब यह नहीं पता कि वे किस लिए खड़े हैं, तो कल्पना करें कि आम राजनेता, पार्टियों के कार्यकर्ता और मतदाता कितने भ्रमित होंगे? अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरुआत में नई दिशा की तलाश में था; चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेंद्र मोदी के उग्र आगमन की ज़रूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रम्प के लिए, खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए, हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। महामारी तक उन्होंने यही सफलतापूर्वक किया और विडंबना यह है कि जो बिडेन ने भी इसे दोहराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले क्रम के प्रभाव अमेरिका के लिए अच्छे हैं क्योंकि अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में बढ़ी हुई गतिविधि का मतलब है अधिक नौकरियाँ, आर्थिक विकास, कम व्यापार घाटा और कम मुद्रास्फीति। तेल, विशेष रूप से 'शेल' तेल ने किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अधिक योगदान दिया और ऐसा फिर से हो सकता है। दूसरा पहलू यह है कि ट्रम्प के भीतर की ओर देखने से भारत में कुछ नौकरियाँ ख़त्म हो सकती हैं और हम कुछ वीजा युद्ध देख सकते हैं। चीन और भारत को अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद करने के लिए राजी करना कूटनीतिक मोर्चे पर एक ईमानदार समझौता है, जिसका सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए व्यापक रूप से मतलब होगा कि भारत और चीन को घरेलू मामलों में बहुत अधिक अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति को मज़बूत करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाएगा। निश्चित रूप से, कुछ शोर-शराबा होगा। इसकी प्रतिक्रिया में, यह संभव है कि सऊदी अरब जैसे बड़े तेल और गैस निर्यातक बाज़ार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए एकतरफा कीमतों में कटौती कर सकते हैं, जबकि अमेरिका कतर को निचोड़ने और ईरान को खेल से बाहर रखने के लिए अपने सभी शेष प्रभाव का उपयोग करता है। इस खेल की प्रगति का एक संकेतक यह है कि यह देखने के लिए प्रतीक्षा करें और देखें कि क्या भारत ईरान से कच्चे तेल की खरीद फिर से शुरू करता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो वैश्विक गतिशीलता कैसे बदलेगी, इस पर सभी दांव बंद हो जाएंगे, क्योंकि इसका मतलब होगा कि अमेरिका ने बहुध्रुवीयता को नई वैश्विक वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लिया है। यूक्रेन और गाजा में चल रहे दो युद्धों पर अमेरिका की स्थिति में किसी तरह की वापसी होगी। दोनों युद्ध या तो बहुपक्षीय संप्रभुता के आदेश से समाप्त हो जाएंगे, या फिर सामान्य स्थिति में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेरहमी से दबा दिया जाएगा। अमेरिका और बाक़ी दुनिया के लिए जल्द से जल्द यह सामान्य हो जाना चाहिए, क्योंकि, हम भूल न जाएँ, महामारी के बाद एक रिकवरी वर्ष प्राप्त करने के बजाय, हमें दो बदसूरत छद्म युद्ध, बढ़ती मुद्रास्फीति और दुर्बल करने वाले व्यापार व्यवधान मिले, कुछ ऐसा जिससे भारत केवल इसलिए बच गया क्योंकि हमने रूस पर पश्चिम के प्रतिबंधों को चतुराई से दरकिनार कर दिया। अब आगे अमेरिकी चुनावी सुधारों पर अब गंभीरता से बहस शुरू होगी। व्यवस्था टूट चुकी है और इसे ठीक करने की ज़रूरत है। सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीक़ा है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रम्प यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप के कार्यकाल में भारत पर अमेरिकी व्यापार सरप्लस की जांच और संभावित प्रतिबंध लगाने का दबाव रहेगा। इसके बावजूद, अमेरिका की 'चाइना प्लस वन' रणनीति भारत के लिए अवसर ला सकती है। 'चाइना प्लस वन' एक व्यापार रणनीति है, जिसमें कंपनियाँ चीन पर निर्भरता घटाने के लिए अन्य देशों, जैसे भारत में अपने संचालन को बढ़ा रही हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन से आयातित सामान पर टैरिफ और मैन्युफैक्चरिंग को घरेलू स्तर पर लाने पर ज़ोर के चलते यह रणनीति तेजी से उभरी थी। इस बार भी ट्रंप की वापसी से यह रुख और मज़बूत हो सकता है, जिससे भारत जैसे देशों में निवेश और सप्लाई चेन विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।




ट्रम्प की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्त्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में सिर्फ़ इतना ही काफ़ी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा। ट्रम्प को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है।


दृष्टि कोण

# जनभागीदारी से ही सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

भारत एक विशाल देश है, जिसकी सांस्कृतिक विरासत भी उतनी ही अद्वितीय और विशाल है। हालांकि, यह विरासत प्राचीन स्मारकों, पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 (2010 में संशोधित) के तहत कानूनन संरक्षित राष्ट्रीय और राज्य महत्व की कुछ चयनित इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें देश के प्राकृतिक संसाधन, कला, शिल्प और ज्ञान भी शामिल हैं, जो कानूनी रूप से असंरक्षित हैं। देश की प्रगति और शहरीकरण के कारण यह तेजी से नष्ट हो रही है, न कि प्राकृतिक आपदाओं या उम्र बढ़ने के कारण। इसलिए, इस सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए केवल सरकारी प्रयासों के बजाय लोगों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। सर्वप्रथम, 'असुरक्षित' सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए लोगों का सहयोग आवश्यक है क्योंकि वे ही इसके वास्तविक उत्तराधिकारी और मालिक हैं। दूसरा, लोगों की भागीदारी से सांस्कृतिक विरासत उनके जीवन से जुड़ी रहती है और इसके उपयोग तथा सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों में एकीकृत होती है। तीसरा, यह रखरखाव और संरक्षण प्रयासों को लागत प्रभावी, किफायती और टिकाऊ बनती है। चौथा, यह भौगोलिक, सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक मतभेदों को देखते हुए विभिन्न ज्ञान स्रोतों को एकीकृत कर स्थानीय और प्रामाणिक शिल्प कौशल को प्रोत्साहित करता है। भारत की विशाल सांस्कृतिक विरासत, जो ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यधिक विविध है, को केवल ए.एम.एस.आर. अधिनियम, 1958 के तहत संरक्षित नहीं किया जा सकता। इस अधिनियम के तहत केवल 100 वर्ष या उससे पुरानी इमारतें और स्मारकीय स्थल संरक्षित किए जाते हैं, जिनमें से कई सरकारी स्वामित्व में हैं। हालांकि, संरक्षण की प्रक्रिया महंगी और सीमित है, और प्राकृतिक क्षय के अलावा अन्य दबावों के कारण देश की विशाल सांस्कृतिक धरोहर खतरे में है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थलों का संरक्षण करता है, जबकि राज्य पुरातत्व विभाग क्षेत्रीय महत्व के स्मारकों की देखभाल करता है। अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को पुरावशेष और कला खजाना अधिनियम, 1972 के तहत विनियमित किया जाता है। हालांकि, इन प्रयासों का दायरा सीमित और महंगा है, इस स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। वर्ष 1972 के यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन के बाद, सांस्कृतिक विरासत की समझ में महत्वपूर्ण बदलाव आया। जिसमें महलों और स्मारकों के साथ-साथ आम घरों, दुकानों और दैनिक उपयोग की इमारतों को भी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा माना जाने लगा। ये संरचनाएं समुदायों की प्रचलित परंपराओं और जीवनशैली को दर्शाती हैं, और शहरी सड़कों, बाजारों तथा चौराहों के रूप में एक 'सांस्कृतिक परिदृश्य' भी बनाती हैं। सांस्कृतिक विरासत, चाहे वह आलीशान स्मारकों की तरह महत्वपूर्ण हो, फिर भी 'असुरक्षित' है और शहरीकरण, आधुनिकीकरण तथा विकास नीतियों के दबाव में लगातार खतरे में है। इसे संरक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान, मौजूदा नीतियों में संशोधन और स्थानीय सरकारों द्वारा 'विरासत नियमों' का निर्माण आवश्यक है। इसके अलावा, प्राचीन वास्तुकला या सांस्कृतिक विशेषताओं के आधार पर इमारतों और स्थलों की सूची तैयार करना और 'विरासत यात्रा' जैसे प्रयासों को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। विरासती इमारतों, स्थानों और कलाकृतियों की सूची 'असुरक्षित' सांस्कृतिक विरासत की पहचान, संरक्षण और वकालत के लिए एक महत्वपूर्ण डेटा संग्रह हो सकती है, जो अनुसंधान और राष्ट्रीय रजिस्टर का आधार बने। इन स्थलों को महत्व के अनुसार वर्गीकृत करना, राज्य और स्थानीय सरकारों द्वारा 'विरासत नियमों' के निर्माण में मददगार होगा। 'हेरिटेज वॉक' योजना से लोग सांस्कृतिक स्थलों से जुड़ सकते हैं, और विरासत पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

कुछ अलग

# कनाडा में उपद्रव

यूं तो कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाएं गाहे-बगाहे सामने आती रहती हैं। जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बनी रहती है। लेकिन ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिव्यक्ति व आस्था की आजादी की डींगें हांकने वाली ट्रूडो सरकार की, ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई निंदनीय हिंसा से संवेदनशीलता से निबटने में अयोग्यता ही उजागर हुई है। लगातार खराब होते दोनों देशों के रिश्तों के बीच यह घटनाक्रम जस्टिन ट्रूडो सरकार की छवि पर दाग लगाता है। दरअसल, पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। सतही तौर पर तो ट्रूडो ने ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की है। साथ ही कहा है कि उसके प्रत्येक कनाडाई नागरिक को स्वतंत्र तरीके और सुरक्षित रूप से अपनी आस्था की अभिव्यक्ति व पालन का अधिकार है। लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये पृथकतावादियों को खुली छूट दी जा रही है। ऐसे में उन्हें भारत विरोधी तत्वों को मनमानी करने देने के लिये स्थिति को स्पष्ट करना होगा। यह आरोप दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि कनाडाई पुलिस ने हिंदू भक्तों को निशाना बनाया और खालिस्तान समर्थकों को बचाने की कोशिश की। निश्चित तौर पर ट्रूडो सरकार के इशारे पर यह घटनाक्रम सबसे बुरे दौर में पहुंचे भारत-कनाडा संबंधों के बीच आग में घी डालने जैसा कृत्य है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। आरोप है कि कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक कनाडाई नागरिकों को भारत सरकार के खिलाफ लड़ने के लिये उकसा रही है। इसके संरक्षण व उकसावे के चलते उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों ने उन्हें भारतीय मूल के उन कनाडाई नागरिकों के साथ टकराव की राह पर ला खड़ा किया है, जो अपनी आस्तीन पर तिरंगा पहनते हैं। यह विडंबना ही है कि जो कनाडा गर्व के साथ अपने देश को अवसरों की शांतिप्रिय भूमि कहते हुए नहीं थकता है, उसे सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निबटने की जरूरत है। वास्तव में उपद्रव करने वाले तत्वों पर समय रहते नकेल कसने की जरूरत है, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों। निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है।

देश दुनीया से

# डाना से स्पेन में हुई तबाही के सबक

क्या आपने डाना का नाम सुना है डाना का जलवायु परिवर्तन से क्या रिश्ता है। धरती के लगातार गर्म होने से बड़े पैमाने पर जो तबाही हो रही है उसका एक परिणाम है डाना। स्पेन ने इसकी विभीषिका को झेला। सैकड़ों जानें गई हैं, संपत्ति का भीषण नुकसान हुआ। भूमध्य सागर का एक सिस्टम है डाना। समुद्र के ऊपर की हवा गर्म है और उत्तर से ठंडी हवा आती है, जिससे चक्रवात सरीखा उठता है और आसपास के इलाके में भीषण तबाही फैलाता है। इसमें चूंकि जलवायु परिवर्तन की वजह से समुद्र के ऊपर की हवा जरूरत से ज्यादा गर्म हो जाती है, लिहाजा उत्तर से आने वाली ठंडी हवा पूरे इलाके में बड़ा डिस्टर्बेंस पैदा करती है। स्पेन इसी का शिकार हुआ। डाना की वजह से अचानक इतनी भीषण बारिश और बाढ़ आ गई—जिससे बचना किसी के बस में नहीं था। दुनिया के कई देश इसी तरह की चरम मौसमी घटनाओं को झेल चुके हैं। स्पेन में भीषण तबाही से जो डरावना मंजर देखने को मिला, उससे पूरा यूरोप सदमे में है। पलक झपकते जिस तरह से 200 से अधिक जानें काल के गाल में समा गईं, उसने जलवायु परिवर्तन से होने वाले खतरे की विभीषिका के बारे में सबको सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। पिछले एक दशक से जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया ने भीषण तबाही—कभी बाढ़, कभी सूखे, कभी प्रलयकारी चक्रवाती तूफानों को देखा है। इसके बाद जिस तरह से इराक में बाढ़ आई और सऊदी अरब में बर्फबारी हुई—उसने बता दिया है कि प्राकृतिक तबाही का यह सिलसिला अभी और बढ़ने जा रहा है। स्पेन के वेलेंसिया शहर में तीन घंटे के भीतर एक साल की बारिश हो गई। इसकी कल्पना बुरे से बुरे दुस्वप्न में भी कोई नहीं कर सकता था। विनाश आसमान से बारिश के रूप में आया—जिसने तुरंत ही सारी नदियों-नालों में उफान ला दिया और वे जीवन को बहा ले गए। इस तबाही का सीधा रिश्ता है जलवायु परिवर्तन यानी क्लाइमेट चेंज से। जलवायु परिवर्तन के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है। हम अपनी करतूतों से लगातार धरती का तापमान गरम कर रहे हैं और इसी के नतीजों के रूप में हमारे सामने स्पेन जैसी विभीषिका आ रही है। डाना कैसे बाकी जलवायु संबंधी गड़बड़ियों से अलग है, इसके बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ एलिकांटे में क्लाइमेटोलॉजी के निदेशक डॉर्ज ऑलिसना का कहना है कि डाना में हवाएं हरिकेन (तूफान-चक्रवात) की तरह तेज नहीं होती, लेकिन तबाही उससे ज्यादा मचा सकती हैं क्योंकि इसमें भयानक तीव्रता के साथ बारिश होती है, जो कुछ ही घंटों में नदी-नाले-तालाब में उबाल ला देती है। फ्लैश फ्लड यानी अचानक आई बाढ़ से किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला। इंफ्रास्ट्रक्चर मिनटों में बैठ जाता है और बचाव के लिए समय नहीं मिलता। डाना का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और ऐसा जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा है। भूमध्य सागर लगातार गर्म हो रहा है। अगस्त में यहां अब तक का सबसे अधिक तापमान रिकार्ड किया गया था। स्पेन की सरकार ने इसे यूरोप की दूसरी सबसे जानलेवा बाढ़ कहा है। इससे पहले 1967 में पुर्तगाल में भीषण बाढ़ आई थी, जिसमें 500 से अधिक लोग मारे गये थे। स्पेन में 1967 के बाद इस तरह की बाढ़ आई है। कम समय में पूरे साल भर की बारिश ने लोगों को बचाव का मौका ही नहीं दिया। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वेलेंसिया में तो पूरे साल भर की बारिश आधे दिन में ही हो गई। चीवा इलाके में आठ घंटे के अंदर ही 20 इंच की बारिश हुई। जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ा कि तूरिया नदी में बाढ़ आ गई और पानी वेलेंसिया शहर में पूरे वेग के साथ घुस गया। इस बाढ़ में पुल नष्ट हो गए, लोग संपर्क से कट गए और भोजन, पानी या बिजली के बिना रह गए। हाहाकार मच गया। जो जहां था वहीं फंस गया। ऐसा लग रहा था कि शहर से ही नदी गुजर रही हो। सैकड़ों लोगों की जानें गई और संपत्ति तबाह हुई। कारों के तैरने और उसमें लोगों के फंसे होने का नजारा दिल-दहलाने वाला था। फंसे हुए लोग मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन पानी का वेग इतना तेज था कि कोई कुछ नहीं कर पाया। मदद के लिए सेना के जवानों को उतारा गया है। शांतिकाल में सेना को इतने बड़े ऑपरेशन में लगाना बहुत कम ही होता है। पूरी तरह से तबाह बर्बाद शहर को कीचड़-गंदगी-लाशों से मुक्त करने के लिए स्पेन के इतिहास का सबसे बड़ा पीसटाइम मिलिट्री ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें 7500 सैनिकों को उतारा गया। बाढ़ से प्रभावित इलाक़ों में हज़ारों सुरक्षा और आपातकालीन सेवाकर्मी मृतकों की तलाश में मलबे और कीचड़ को हटाने में लगे। दुख की इस घड़ी में लोग एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए। पीड़ितों की मदद करने के लिए स्पेन के नागरिकों ने अभूतपूर्व मानवता का परिचय दिया। वे लाइनों में लग कर वेलेंसिया जाने और राहत सामग्री बांटने, सफाई करने के लिए मुस्तैद दिखाई दिये। ये तस्वीरें बेहद राहत देने वाली थी। वेलेंसिया शहर के संग्रहालय की इमारत में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बाल्टियां, पोछा, भोजन और पानी लेने के लिए लाइन में खड़े थे। जितनी तेजी से स्पेन के नागरिकों ने खुद को मदद के लिए पेश किया वह भारत जैसे बाकी देशों के लिए सबक होना चाहिए। यहां वे सारे काम कर रहे थे—कचरा साफ करने से लेकर सड़कों-मकानों की मरम्मत तक। खाना-पानी लाइट का इंतजाम करने में भी स्पेन के नागरिक पीछे नहीं रहे। पहले ही दिन 15 हजार वॉलेंटियर तैनात हो गए थे। बड़ा सवाल यह है कि स्पेन के वेलेंसिया और उसके आसपास के इलाके को अचानक जिस तबाही ने बर्बाद किया, क्या उससे बचा जा सकता था। क्या यह इस शहर का, इस शहर में हुए निर्माण या विकास कार्यों का दोष था कि इतनी बड़ी तबाही का शिकार होना पड़ा। बिल्कुल भी नहीं। इस तबाही की वजह स्पेन और उसका शहर वेलेंसिया नहीं थे। धरती लगातार गर्म हो रही है और इसका नुकसान सबको उठाना ही पड़ रहा है। स्पेन के बाद साइप्रस, सऊदी अरब आदि जगहों पर ही मौसम की मार झेलनी पड़ी। असमय बारिश, बर्फबारी ने जीवन को तबाह करने में कोई कसर नही छोड़ी है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन की जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनदेखी हो रही है—वह खतरनाक है।



आप का नजरीया

# एक बार फिर ट्रंप

अपनी दूसरी पारी के लिये डोनाल्ड ट्रंप फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका फर्स्ट को प्राथमिकता देने वाले ट्रंप की नीतियां व्यापार व आव्रजन के मुद्दे पर भारत के लिये परेशानियां खड़ी कर सकती हैं। वर्ष 2017 से 2021 के बीच राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली पारी के दौरान कई मोर्चों पर निबटने का अनुभव जरूर मोदी सरकार के पास है। गाहे-बगाहे मोदी ट्रंप को अपने दोस्त के रूप में संबोधित करते रहे हैं। हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि हाल के दिनों में भारत के खिलाफ तल्ख रवैया अपनाने वाले बाइडन प्रशासन की नीतियों में ट्रंप आमूल-चूल परिवर्तन कर देंगे। सारी दुनिया जानती है कि अमेरिकी नीतियां अमेरिका पर शुरू होकर अमेरिका पर भी खत्म हो जाती हैं। अपने चुनाव अभियान में भी ट्रंप भारत की आर्थिक संरक्षण की नीतियों की आलोचना कर चुके हैं। अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के पैरोकार ट्रंप विगत में अमेरिका से आयात होने वाली हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर टैरिफ घटाने को लेकर भारत के प्रति नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। मूल रूप से व्यवसायी से राजनेता बने ट्रंप ने पहले कार्यकाल के दौरान भी अमेरिकी उद्योगों को संरक्षण देने को अपनी प्राथमिकता बनाया था। ऐसे में संभव है कि वे अमेरिकी उत्पादों व सेवाओं के संरक्षण को लेकर भारत के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाएं। वे अपने कई उत्पादों पर अपनी सुविधा के अनुरूप टैरिफ बढ़ाने के लिये भारत पर दबाव बना सकते हैं। साथ ही आशंका है कि वे भारतीय निर्यात पर टैरिफ बढ़ाकर हमारे लिये आर्थिक मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। जिससे भारत द्वारा अमेरिका से किया जाने वाला आयात भी महंगा हो सकता है। फलतः भारतीय उपभोक्ताओं की मुश्किलें महंगाई वृद्धि से बढ़ सकती हैं। बहरहाल, ट्रंप की सफलता से अमेरिकी कारोबार जगत खासा उत्साहित है, जिसके चलते अमेरिकी शेयर बाजार खुशी से झूमा है। लेकिन इसके बावजूद हिंद प्रशांत में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूती देगी। बहरहाल, यह एक हकीकत है कि ट्रंप एक बार फिर सत्ता में लौटे हैं और भारत तथा दुनिया को इस अप्रत्याशित चरित्र से निपटने के लिये तैयार रहना होगा। यह व्यक्ति एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताता है, वहीं भारत को अमेरिका के व्यापारिक हितों के विरुद्ध नीतियां बनाने वाला बताता है। यहां तक कि अपने चुनाव अभियान के दौरान भी ट्रंप अमेरिकी वस्तुओं पर भारी कर लगाने के लिये भारत की आलोचना कर चुके हैं। साथ ही अमेरिका को फिर से असाधारण रूप से संपन्न बनाने के लिये द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में 'जैसे को तैसा' की नीति अपनाने का आह्वान किया था। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि रिपब्लिकन प्रशासन अमेरिका को भारत से होने वाले 75 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात पर अधिक टैरिफ लगा सकता है। बहुत संभव है कि मोदी के मेक इन इंडिया अभियान तथा ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट नजरिये के साथ टकराव पैदा हो। अपने पहले कार्यकाल में एच-1बी वीजा में कटौती के प्रयास करने वाले ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रोजगार आधारित आव्रजन पर प्रतिकूल असर हो सकता है।

# निर्भीक होकर मतदाताओं ने किया मतदान, शांतिपूर्ण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** विधानसभा चुनाव के पहला चरण में मतदाताओं ने निर्भीक होकर शांतिपूर्ण मतदान किया। प्रखंड में 24 बूथों पर बुधवार को मतदाता अहले सुबह 6 बजे से कतार में लगकर निर्धारित समय का इंतेजार कर रहे थे।मतदान को लेकर महिला, बुजुर्ग, युवा सभी उत्साहित थे। अतिसुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी खुलकर हुवा मतदान।महिला अपनी सभी कार्यों को छोड़कर पहले मतदान किया।मिली जानकारी के अनुसार 14458 मतदाता ने मतदान किया। वही दिव्यांगजनो के लिए मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी।दिव्यांगजनो में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। वही सुदूरवर्ती क्षेत्र गेन्द्रा, कुटिल, चिलोई, बनियाडीह, सिकिदाग, पोटमदोहर, दारी, मरग़ड्डा में जहाँ एक समय माओवादियों व उग्रवादियों का फरमान चलता था।तीन दशक पहले यहां उग्रवादियों की तूती बोलती थी यानी इनकी फरमान ही सबकुछ थी लेकीन प्रसाशनिक दबाव व लोगों की जागरूकता की देन है की आज के समय मे बुलेट पर बैलेट भारी पड़ा है।वही प्रखंड पदाधिकारीयों व कर्मियों के द्वारा चलाया गया लगातार मतदाता जागरूकता अभियान का प्रतिफल है की 65.58 प्रतिशत मतदान दर्ज की गई।वही सभी बूथों पर शान्तिपूर्ण मतदान हुवा।वही सुरक्षा व्यवस्था का चाक चौबंद देखा गया। वही डोकवा के मतदाताओं ने मिलो पैदल चलकर मतदान किया।वही नए वोटरों में खासा उत्साह देखा गया।स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में लगे सेल्फी पॉइंट पर मतदाताओं ने सेल्फी ली और कहा की मतदाता होने पर गर्व है,मेरा वोट मेरी ताकत है। वही लोटवा और सोहरलाट गाँव पर मतदान को लेकर प्रशासन के लोग विशेष नजर बनायें हुवे थे।जहाँ मतदाताओं ने वोट को अपनी ताकत समझते हुवे खुलकर मतदान किया।बतादें की गाँवों में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर यहाँ के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का ऐलान किया था।हालांकि बूथ सं 287 दक्षिण चिलोई के ईचाक गांव के युवा मतदाता मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर वोट बहिष्कार के लिए अड़े रहे। प्रशासनिक प्रयास के बाद ईचाक के मतदाताओं ने मतदान किया। वही शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा सीओ दीपक कुमार मिश्रा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह लगातार सभी बूथों पर दिनभर गस्त करते दिखे। **डोकवा के मतदाता 7 से 8 किलोमीटर दूरी तय कर करते हैं मतदान :** डोकवा के मतदाता लगभग 7 से 8 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर बौधाडीह में मतदान करने जाते हैं इसे लेकर मतदाता प्रतिमा देवी,रेखा देवी किरण देवी,फगुनी देवी, सीता देवी, फूलमती देवी, मालों देवी ने बताया की हरेक बार हम लोग को मतदान देने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है लंबी दूरी तय कर हमलोग मतदान केन्द्र जाते हैं चुनाव आयोग से मतदाताओं ने मतदान के लिए डोकवा से नजदीक परिधि में मतदान केंद्र बनाने की आग्रह किया है। **परिणाम को लेकर चौक चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म :** परीणाम को लेकर चौक चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म, महागठबंधन एवं गठबंधन के कार्यकर्ता जीत के कर रहे दावे, चुनाव संपन्न होने के बाद महागठबंधन एवं एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता जीत को लेकर आंकड़े मिलाना शुरू कर दिए हैं।

# जिला उपयुक्त पहुंचे गिद्धौर 172,173 बूथ का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के बूथ संख्या 172 व 173 में हो रहे मतदान का निरीक्षण करने जिला उपायुक्त रमेश घोलप जिला पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय बुधवार को पहुंचे। जहां शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे मतदान को देख संतुष्ट हुए।और बुथ पर उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिए की मतदान करने आ रहे हैं मतदाताओं को बेहतर सुविधा के साथ मतदान करावें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ-साथ अन्य प्रखंड कर्मी भी उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व में चतरा के डीसी रमेश घोलप ने अपने परिवार के साथ किया मतदान



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने सपरिवार मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। मतदान करने के बाद जिले के मतदाताओं से अपील किया कि आप भी अपने घरों से बाहर आए और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चतरा जिला मुख्यालय स्थित सुरही मोहल्ला स्थित विद्यालय में डीसी रमेश घोलप ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।

## महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा और पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने किया मतदान



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पुंडरा बूथ नंबर 101 पैतृक स्थान में महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा और उनकी पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने मतदान देकर लोकतंत्र का महापर्व का धर्म निभाया है। वहीं प्रत्याशी होने के नाते अपना मतदान खुद अपना पुंडरा बूथ नंबर में अपना मतदान किया है। आगे कहा कि सभी लोगों को लोक तंत्र का महापर्व बड़ा उत्सव से मनाना चाहिए और अपना मतदान देकर अपना फर्ज पूरा करना चाहिए। वहीं उनकी पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने भी अपना मतदान कर सभी महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

# मतदान के बाद एनडीए प्रत्याशी ने कहा जनता जनार्दन के साथ होगी ऐतिहासिक जीत

## जबकि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने भी किया जीत का दावा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के दोनों विधान सभा में मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ। एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने प्रतापपुर प्रखंड के बरवा कोचवा गांव के बूथ संख्या 241 पर मतदान किया। जबकि चतरा विधानसभा से राजद के प्रत्याशी और राज्य में कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश ने भी अपने गांव में मतदान किया। मतदान के बाद दोनों ने अपने-अपने जीत के दावे किए।मतदान के बाद प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने कहा कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यकाल में चतरा में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ है। जबकि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने कहा कि क्षेत्र में विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा और लोगों के हर सुख दुख में हमेशा साथ रहने का भी वादा किया और कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास से हमें जीत मिलेगी। जबकि एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र और जिले का तो छोड़ दीजिए मंत्री ने अपने गांव तक का विकास नहीं किया है। उनके गांव में रहने वाले गरीब आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नदी और चुआं का पानी पीते है। ऐसे में विकास का ढिंढोरा पीटने वाले मंत्री को शर्म आना चाहिए। जनार्दन ने कहा कि जब वह अपने घर और गांव तक का विकास नहीं कर सके तो विधानसभा और राज्य का क्या करेंगे।

# ग्रामीणों ने दो घंटे किया वोट का विरोध, टावर नहीं तो वोट नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के गडके व पिंडारकोण गांव के क्षेत्र में मोबाइल टावर नहीं काम करने के विरोध में यहां के ग्रामीण बूथ संख्या 169 तथा 170 पर विरोध में ग्रामीणों ने दो घंटे तक वोट बहिष्कार कर दिया इसकी जानकारी बीडीओ राहुल देव सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा थाना प्रभारी अमित कुमार को मिलते ही पिंडारकोण गांव पहुंच गए। इस मामले में जानकारी लिया। अधिकारी के समक्ष ग्रामीण क्षेत्र में टावर नहीं तो वोट नहीं का मांग करने लगे। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त की आने की मांग के साथ साथ पूर्व से लोहड़ी गांव में लगे हुए बीएसएनएल टावर को जल्द से चालू करने की मांग किया। अधिकारियों ने समझाने पर 2 घंटे बाद 9:00 बजे मतदान कार्य शुरू हुआ।

## सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। मतदाता सुबह निर्धारित समय 7 बजे से हीं मतदान केंद्रों पर अपना अपना मतदान करने के लिए भीड़ लगने लगी। सभी बूथों पर दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर व्यवस्था किया गया था। सभी मतदाताओं ने चुनाव का महापर्व शांति पूर्ण तरीके अपना मतदान देकर लोकतंत्र का प्रहरी बना। मतदान केंद्रो पर युवा तो युवा महिआएं का भी उत्साह कम नहीं था। लोग जोश खरोस के साथ चुनाव का महापर्व मनाया। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव को शांति पूर्ण मनाने के लिए सभी बूथों पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी साथ हीं निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा समय समय पर बूथों की ओचक जांच किया जा रहा था।

# मतदान को लेकर महिलाओं में भी रहा काफी उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के मतदान ज़िले में बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इसके तहत लातेहार जिला के मनिका विधानसभा क्षेत्र 73 एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र 74 के सभी मतदान केंद्रो में बुधवार को मतदान सुबह 7:00 बजे से ही शुरू हुई जो शाम 5:00 तक मतदान की गई। मतदाता मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे।मतदाताओं ने घंटों लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार किया। और बारी बारी से सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किये। वहीं कुछ ऐसे भी बुजुर्ग थे जो उम्र की लाचारी के कारण मतदान केंद्र आने में असमर्थ थे। वैसे लोगों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा वाहन की भी सुविधा उपलब्ध कराया गया था। ताकि मतदान शत प्रतिशत हो सके। बुजुर्गों भी काफी उत्साहित होकर अपना मतदान करने को लेकर मतदान केंद्र पहुंचे वहीं प्रशासन के द्वारा बुजुर्गों को लाइन में लगने के बजाय सिधे केन्द्र में लेजाकर मतदान कराया गया। मतदान को सफल बनाने में केन्द्रीय पुलिस बल एवं जिला पुलिस बल के जवानों का अहम भूमिका रही। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया।

# बालूमाथ प्रखंड में शाम 5 बजे तक 70.44 प्रतिशत हुआ मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड में संध्या 5:00 बजे तक 70.44 प्रतिशत मतदान किया गया। सुबह से ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के भारी भीड़ उमड पड़ी। बालूमाथ बूथ संख्या 144 में दोपहर 1꞉00 बजे तक 47.99बूथ संख्या 145 में 42.68 ,बूथ संख्या 146 में 45.53 ,बूथ संख्या 147 में 51. 27 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वहीं सबसे अधिक बूथ संख्या 90 बुकरु में 87.4 मतदान किया गया जबकि सबसे कम मतदान बूथ संख्या 140 बालूमाथ बुनियादी बिद्यालय नॉर्थ में 42.76 हुआ। वही कम मतदान को देखते हुए बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने तत्काल मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड कार्यालय का एक टीम बिशनपुर ग्राम पहुंचा तब जाकर कुछ मतदान तेज हुआ। बूथ संख्या 143 में 85 वर्षीय प्रीतम बरई एवं बूथ संख्या 142 में90 वर्षीय भगिया मसोमात ने व्हीलचेयर के सहारे अपना मतदान किया। चुनाव के दौरान अधिकांश बूथों में सुबह से ही लंबी लाइन देखी गई । दोपहर 1:30 बजे तक बूथ संख्या 136 में कुल मतदाता है 1101 में 525, बूथ संख्या 104 में कुल मतदाता 784 में 523, बूथ संख्या 134 में कुल मतदाता 907 में 611, बूथ संख्या 135 में कुल मतदाता 845 में 535 लोगों ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आए। वही बालूमाथ ब्लॉक परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम से बालूमाथ के सभी मतदान केंद्रों का पल-पल की निगरानी रखी जा रही थी।

## पत्थलगड़ा की विंध्यवासिनी देवी वोट देकर स्वर्ग चली गई



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी निवासी 95 वर्षीय सरस्वती देवी 13 नवंबर को सिंघानी मतदान केंद्र में वोट देकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते चले सरस्वती देवी क्षेत्र में उत्तर भारत के प्रसिद्ध लोक गायिका विंध्यवासिनी देवी के नाम से भी प्रसिद्ध थी। विंध्यवासिनी देवी हाल ही में निधन हुई भारत की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा की गुरु थीं। सरस्वती देवी क्षेत्र में होने वाले धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रमों में गाए जाने वाले गीत और भजन गाने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित की जाती थी। उनके पति गणपत पांडे का निधन 30 वर्ष पूर्व हुवा था। सरस्वती देवी क्षेत्र में नर्सिंग की मां के नाम से जानी जाती थी। सरवन कुमार की तरह नर्सिंग अपनी मां की सेवा की। सरस्वती देवी को वोट देने के लिए मतदान केंद्र तक संतोष रजक व सुखसागर राणा गोद में बिठाकर ले गए थे। वोट देने के बाद अपने घर पहुंच कर देह त्याग दी। उनके दूसरे पुत्र का नाम उपेंद्र पांडे (मछरी पांडे) है। जबकि उनके बड़े पुत्र नरसिंह पांडे क्षेत्र में घूम-घूम कर यजमानी करते है। उनके निधन हो जाने पर क्षेत्र के लोग गहरा संवेदना व्यक्त किया है।

## भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ मतदान



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका विधानसभा के बरवाडीह प्रखंड के सभी 85 मतदान केंद्रों में बुधवार को शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान कार्य संपन्न कराया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में भी कोई हताहत की खबर नहीं हुई है। जहां निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, व सीओ मनोज कुमार की देखरेख में प्रखंड के 85 मतदान केंद्रों के लिए 21 सेक्टर बनाए गए थे। जिनमें मुख्यालय के एक दर्जन मतदान केंद्रों के लिए दो सेक्टर बनाए गए थे ।जिनमें सभी मतदान कर्मियों को सुरक्षा बल के साथ बुधवार की सुबह मतदान केंद्रों में पहुंचाया गया। जबकि बाकी के 19 सेक्टर में पहुंचे मतदान कर्मियों को वाहन से पहुंचाया गया। वहीं सभी मतदान केंद्र में राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि के उपस्थिति में निर्धारित समय से मॉक पोल कराया गया। इसके उपरांत सभी मतदान केंद्र में सात बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू किया गया। प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या लंका 35 एवं लात 50 मतदान केंद्र ईवीएम की तकनीकी खराबी की सूचना पर तत्काल मतदान कर्मियों को ईवीएम एक्सपर्ट द्वारा दूरभाष से ही ईवीएम ठीक कराते हुए मतदान प्रक्रिया शुरू किया गया। प्रखंड मुख्यालय समेत सभी सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल तैनात किया गया था। इसके साथ ही मुख्यालय एवं अन्य सभी मतदान केंद्रों का प्रतिनियुक्ति उड़नदस्ता दंडाधिकारी व बरवाडीह थाना प्रभारी राधे श्याम कुमार छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के साथ पुलिस बल भ्रमण कर निरीक्षण करते रहे।

# विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सभी 50 बूथों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया. महिला पुरुष युवक युवतियाँ सभी सुबह समय से पहले मतदान केंद्र पहुँच कर कतार में खड़े हो गए। सभी मतदान कर्मी मतदाताओं को विधिवत सहयोग कर मतदान कराया। बारियातू प्रखंड के सभी 50 बूथों में षोषक क्षेत्र के महिला पुरुष मतदाताओं ने उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया। पुरुष के अपेक्षा महिलाओं में अधिक उत्साहित देखा गया। पुरुष मतदाता से अधिक महिलाएं मतदान की। महिलाएं मतदान में पुरुष को पीछे छोड़ दिया। सुरक्षा कर्मी के अलावे बीएलओ स्वास्थ्य सहिया भी अपने अपने कार्यो में लगे रहे। मतदान के दौरान सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए वाहन की समुचित व्यवस्था की गई था. इस दौरान वरिष्ट, दिव्यांग व असहाय मतदाताओं का मतदान करने मे विशेष ख्याल रखा गया था। शांतिपूर्ण वातावरण मे मतदान कराने को लेकर प्रशासन पुरी तरह सजग रहा. सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमित कुमार पासवान व अंचलाधिकारी नंद कुमार राम प्रखण्ड क्षेत्र के सभी 50 बूथों के हर गतिविधियों पर नजर रखे रहे। उन्होंने बुथो पर पहुँच कर भी मतदान का जायजा लिया. मतदान समाप्त होने के बाद इविएम शील कर सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतपेटी ले जाया गया।

# उपायुक्त कार्यालय में प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में विधानसभा चुनाव 2024 बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने उपायुक्त कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों, मनिका 73 और लातेहार 74, में मतदान सुचारू रूप से संपन्न हुआ और कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। उपायुक्त ने बताया कि मनिका विधानसभा 73 में 66 प्रतिशत और विधानसभा लातेहार 74 में 69 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए हर संभव उपाय किए गए थे। चुनावी प्रक्रिया में ईवीएम और वीवीपैट जैसी तकनीक का प्रयोग कर पारदर्शिता बनाए रखने का प्रयास किया गया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था ताकि मतदाता बिना किसी डर के मतदान कर सकें। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी गई थी। उन्होंने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता थी, और इसके लिए जिले के विभिन्न हिस्सों में पुलिस बल तैनात थे।

## बरही शहर की अपेक्षा गांवों में तेज रफ्तार से हुआ मतदान



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही शहरी क्षेत्र में मतदान की शुरुआती गति धीमी रही जबकि गांवों में शुरु से ही मतदान की गति तेज रही। बरही के राजकीय मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 313 में 9 बजे तक 1115 मतदाताओं में से 158 मतदाताओं ने ही मतदान किया था, जो 8 प्रतिशत से भी कम था। बसरिया, धोबियाडीह, धुरगड़गी, लिगुरुरा के मतदाता बूथ संख्या 332,333 और कोलंगा के बूथ संख्या 334 में 576 मतदाताओं में से 350 ने 12ः30 बजे तक मतदान कर दिया था। जबकि 11 बजे तक 46 प्रतिशत मत पड़े थे। वहीं दिन के 1.15 बजे राजकीय उर्दू विद्यालय धनवार के बूथ संख्या 358 में कुल 875 मतों में 510 मत पड़े, बूथ संख्या 359 में कुल मतों की संख्या 720 में 360 मत पड़े, बूथ संख्या 360 में कुल मत संख्या 1263 में से 450 मत 1.15 बजे तक पड़ गए थे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियापुर में बूथ संख्या 362 में कुल 1055 मतदाताओं में से 590 ने वोट दे दिया था। बूथ संख्या 363 में कुल मतदाता 962 में से 382 वोट कर चुके थे। दिन के 1.45 बजे तक राजकीय मध्य विद्यालय बरसोत के बूथ संख्या 339 के 1069 मतदाताओं में से 439, मतदान केंद्र संख्या 340 में कुल मतदाता 998 में से 542 ईवीएम का बटन दबा चुके थे। बरही के निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से मिली रिपोर्ट के अनुसार बरही विधानसभा में 9ः00 तक 15 प्रतिशत, 11ः00 बजे तक 31.6 प्रतिशत, 1ः00 बजे तक 48.8 प्रतिशत और 3ः00 बजे 59.3 प्रतिशत मतदान हुआ था। इधर रसोईया धमना पंचायत भवन में बूथ संख्या 300 द्वद्ग कुल मतदाता संख्या 767 में 545 मत, बूथ संख्या 301 में कुल मत 794 में 551 मत, मध्य विद्यालय बेदगी बूथ संख्या 302 में कुल मतदाता संख्या 769 में 543 मत, मदरसा बूथ संख्या 303 में कुल मतदाता 795 में 566 मत, लश्करी 304 बूथ संख्या में कल मत 681 में 508 मत, पुरहरा बूथ संख्या 305 में कुल मतों की संख्या 626 में 503, छोटकी बड़ी बूथ संख्या 311 में कुल मतों की संख्या 1046 में 803 मत पड़े, यानी कि 5 बजे तक 73 प्रतिशत मतदान हुआ।

## विष्णुगढ में आजसू प्रत्याशी तिवारी महतो के जनसंपर्क अभियान में उमड़ा जनसैलाब



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार महतो ने विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गावों में बुधवार को भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ताओं संग धुआंधार डोर टू डोर जनसंपर्क कर अपने समर्थन में वोट मांगा। जिसमे प्रखंड के उरगी,भूताही मुरगांव, उपरैली मुरगांव, कुसुम्भा ,अलखरी, महतोईया, नवादा शिव मंदिर, बरहमोरिया में लोगों से संपर्क कर सीधा संवाद किया साथ ही लोगों की समस्या को सुनकर निदान करने की बात कही। वही विष्णुगढ़ पंचायत और चेडरा पंचायत में डोर टू डोर पदयात्रा पर निकले आजसू प्रत्याशी तिवारी महतो ने गांव के बुजुर्गो के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के अधूरे पड़े कार्यो को पूरा जरूर पूरा करूंगा। जिसमे आप लोगो की सहयोग की जरूरत है।आप सभी जनता से अपील है कि क्रमांक संख्या दो पर केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से जीत सुनिश्चित करें। जिससे इस पूरे मांडू विधानसभा क्षेत्र में एक नई बदलाव होगा और सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान बुजुर्गो ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपकी जीत सुनिश्चित है। मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, डोमन गुप्ता, भुनेश्वर पटेल, निर्मल कुमार, कुंवर हंसदा,दीपु अकेला, गोतम शर्मा, शशि लाहकार,राजू श्रीवास्तव,सुनील अकेला ,राजेश सोनी, जीवन सोनी, कुंदन शर्मा,सुरेश राम, अंजू देवी,सीमा देवी,रीना बर्मन समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईवीएम में कैद हुआ 17 प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर राज्य की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का ख्वाब संजोने वाले प्रत्याशियों का भाग्य बुधवार को ईवीएम में कैद हो गया है। बरही विधानसभा के वोटरों ने प्रत्याशियों के संबंध में अपनी राय को ईवीएम में कैद कर दिया है। चुनाव मैदान में मौजूद 17 प्रत्याशियों में कौन बना मुकद्दर का सिकंदर इसका फैसला 23 नवंबर को हो जाएगा। बरही विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, कांग्रेस प्रत्याशी अरुण कुमार साहू, सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला एवं बसपा प्रत्याशी संतोष रविदास समेत कुल 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिन्होंने अपनी जीत पक्की करने के लिए प्रत्येक वोट को सहेजने में अंतिम समय तक जद्दोजहद करते रहे। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। विभिन्न माध्यमों से प्रचार के साथ ही वोटरों तक अपनी पहुंच बनाकर उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने के लिए पूरी शिद्दत से जुटे रहे। प्रत्याशियों ने साथ उनके समर्थक भी इस कार्य में लगे रहे, यहां तक की वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं का जनसभाओं व अन्य कार्यक्रमों का भी सहारा लिया। जिससे कि प्रत्याशियों को वोटरों का साथ मिल सकें। लेकिन मतदाताओं की चुप्पी अंतिम समय तक कायम रही जो प्रत्याशियों व उनके समर्थकों को बेचैन करती रही। बरही विधानसभा क्षेत्र के कुल 402 बूथों पर हुए मतदान के दौरान वोटरों ने प्रत्याशियों के संबंध में अपनी राय ईवीएम में दे दी है। इसी के साथ प्रत्याशियों का भाग्य भी ईवीएम में कैद हो गया है।

### कोहरे पर भारी मतदाताओं का उत्साह, सुबह से ही दिखी लंबी कतारें

# 26 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद, नतीजे 23 को, किसके सर होगा बड़कागांव हॉट सीट का ताज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** 22 बड़कागांव विधान सभा चुनाव को लेकर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। केरेडारी अंचल के 88 व टंडवा अंचल के 20 मतदान केंद्रों पर शांति पूर्ण संपन्न हो गया। मतदान के दौरान महिला पुरुष युवा वोटर के साथ बुजुर्ग मतदाता भी अपने अपने परिजनों के साथ वोट डालने पहुंचे थे। वहीं इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी सह नि वर्तमान विधायक अंबा प्रसाद अपने भाई अंकित राज पिता सह पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ अपने पैतृक गांव पहरा के बूथ संख्या 30 पर मतदान की व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बड़कागांव विधान सभा से पार्टी प्रत्याशी बालेश्वर कुमार ने अपने पैतृक गांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 64 कन्या मध्य विद्यालय में अपने समर्थकों के साथ मतदान किया. वहीं मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सुबह 7 बजे से ही लंबे लंबे कतार में नजर आए. जबकि 13 नवंबर को अहले सुबह पांच बजे से ही पूरा केरेडारी प्रखंड क्षेत्र घने कोहरे के आगोश में समाया हुआ था. जो सुबह नौ बजे दिन तक छाया रहा. घने कोहरे और टपकते ओस के बूंदों के बीच मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करते नजर आए. मतदाताओं को उत्साहित करने को लेकर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में 8 मॉडल बूथ प्रखंड प्रशाशन द्वारा



बनाया गया था. जहां लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर सेल्फी लेते नजर आए. वहीं मतदान के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. मतदान पूर्ण रूपेण शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया. मतदान को शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी रखी जा रही थी. प्रखंड प्रशाशन हर एक बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी कर रही थी. वहीं केरेडारी अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल बीडीओ विवेक कुमार केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार सिकरी थाना प्रभारी सुनील सिंह पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर समेत अन्य अधिकारी हर एक बूथ पर पहुंच कर जायजा लेते रहे.

**ऐसा रहा केरेडारी में मतप्रतिशत**

केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया कही से ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना नहीं मिली. सुबह 7 बजे से नौ बजे दिन तक 15.43 प्रतिशत रहा जिसमें 15.51 प्रतिशत पुरुष व 14.43 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले वहीं सुबह नौ बजे से 11 बजे के सत्र में 34.68 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जबकि सुबह 11 बजे दिन से दोपहर 1बजे तक 52.97 प्रतिशत मतदान हुआ था जिसमें 50 प्रतिशत पुरुष और 55.16 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाल चुके थे! वहीं दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक 69.47 प्रतिशत मतदान हुआ था जिसमें महिलाएं 63.47 प्रतिशत और 63.69 प्रतिशत पुरुषों ने वोट डाले थे.

**संवेदनशील बूथों के मतदान केंद्र और समय में किया गया था बदलाव**

केरेडारी के बूथ संख्या संख्या 1 से बूथ संख्या 6 और बूथ संख्या 77 से 88 तक सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक मतदान हुआ. वहीं मतदान केंद्र संख्या 77 निरी को रि लोकेट कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरोया व मतदान केंद्र कोजीया का स्थान परिवर्तन कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय लज़ीदाग शिफ्ट किया गया था.

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पहले चरण के मतदान में डाला वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के प्रथम चरण के मतदान के क्रम में बुधवार को अपनेको बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। सांसद मनीष जायसवाल ने 10ः30 बजे हजारीबाग शहर के वार्ड संख्या 27 स्थित मालवीय मार्ग के अपने बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पंहुचे जहाँ मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पुरी कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मत का उपयोग किया। सांसद मनीष जायसवाल भगवा कुर्ते में बूथ पर पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान करने पहुंचे कई लोगों से मिलकर उनका आभार जताया तो बूथ एजेंटों से मिलकर उनका हौसलाफजाई भी किया । मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र



के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रथम चरण के मतदान के सभी मतदाताओं से अपील किया की अपने- अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरुर दें और अपने पसंद का विधायक चुनते हुए एक सशक्त सरकार का निर्माण करें ।

## निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने जताया आभार

### - क्षेत्र के विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है और मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 25 हजारीबाग का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाई और जोश और उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। श्री अजमेरा ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से



संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए, मतदाताओं को निर्भीक और स्वतंत्र मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की। हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता को यह विश्वास दिलाया कि वे उनके बेटे और भाई के रूप में उनके सेवा और सम्मान में हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं आपके विश्वास का मान रखते हुए हमेशा आपके बीच रहूंगा और आपके हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहूंगा। क्षेत्र के विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है, और मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। चुनाव समाप्त होने के बाद अब सभी को आगामी 23 नवंबर को परिणाम की प्रतीक्षा है। हर्ष अजमेरा ने उम्मीद जताई कि उनके संघर्ष और प्रयासों को क्षेत्र की जनता का समर्थन मिलेगा, और वे जनसेवा के माध्यम से क्षेत्र के विकास में योगदान देने का अवसर प्राप्त करेंगे।

## हज़ारीबाग में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 59.13 प्रतिशत हुई वोटिंग, वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने भी किया वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत हज़ारीबाग जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों बरकट्ठा, बरही, और हज़ारीबाग में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह कर रहे हैं। चुनाव के पहले घंटों में ही मतदान केंद्रों पर उत्साही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। इचाक के मंगूरा के बूथ नंबर 419 और इचाक के कन्या प्राथमिक विद्यालय करियतपुर में महिलाओं ने सक्रिय रूप से मतदान किया। इसके अलावा, दारू प्रखंड के 95 वर्षीय बाबूलाल साव और उनकी 88 वर्षीय पत्नी फागुनी देवी ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। 100 वर्ष की आयु की महिलाओं में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की जागरूकता देखी गई। दिव्यांग मतदाता ज्योति कुमार सिन्हा, 86 वर्षीय सावित्री देवी और 66 वर्षीय चिंता देवी जैसे वरिष्ठ नागरिकों ने भी मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है,



जिससे उन्हें आसानी से मतदान करने की सुविधा मिला। हजारीबाग सदर विधानसभा के लिए 57.65त्न , बरकट्ठा विधानसभा मे 59.01त्न , बरही विधानसभा मे 61. 1त्न मतदान हुआ। वहीं अगर पूरे जिले की बात करें तो यहाँ कुल वोटिंग प्रतिशत 59.13त्न रहा। हजारीबाग जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के कई बूथ से ईवीएम में कुछ देर की खराबी होने की भी खबरें आई हालांकि बाद में इसे ठीक कर सुचारू रूप से वोटिंग की प्रक्रिया चालू की गई। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## दारू बड़वार में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के बूथ संख्या 484 और 486 में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक बुधवार को विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ। बूथ संख्या 484 में 60 प्रतिशत मतदान ओर 486 में 65 प्रतिशत मतदान किया गया। वहीं दारु प्रखंड के अन्य बूथों पर मतदान अपने निर्धारित समय सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। समय के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। चिलचिलाती धूप में भी मतदाताओं में उत्साह देखा गया। पहले मतदान उसके बाद जलपान का भी कहीं कहीं जज्बा दिखा। युवाओं और महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। दुकानदार मतदान करने के बाद अपने-अपने दुकान खोले। कहीं कहीं वोटरों की लंबी लाइन देखी गई। बुजुर्गो और विकलांगों को बीएलओ मतदान में सहयोग करते देखे गए।

## बड़कागांव में लोकतंत्र के सब से बड़े पर्व का वोटरों में दिखा भारी उत्साह

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बड़कागांव में घर-घर से लोग वोट करने के लिए निकलते देखा गया। सुबह सुबह घना कोहरा होने के बाद भी वोटर अपने अपने मतदान केंद्रों में पहुंचे। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया। इस बार के चुनाव में सभी त्योहारों को पीछे छोड़ते हुए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। पक्ष हो या विपक्ष हो दोनों अपने समर्थकों को अपने बुथों तक लाने के लिए दिनभर प्रयास करते रहे। चौपदार बलिया बूथ नंबर 201, पंडरिया बूथ नंबर 152, सोनबरसा बूथ नंबर 118, कोईलंग बूथ नंबर 214 व अन्य दो-तीन बुथों में मशीन खराबी या बैटरी डाउन होने के कारण मतदान देरी से शुरू हुआ। इसके अलावा कहीं से किसी प्रकार कोई गड़बड़ी देखने को नहीं मिली शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पंचायत हेवई के ग्राम पहरा के बूथ नंबर 30 में मताधिकार किया। चुनाव को लेकर हर तरफ एक दूसरे को



सहयोग करते लोग नजर आए। बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 बुथों में बढ़ चढ़कर लोगों ने मतदान किया एक नई दिशा देने का प्रयास किया। नये मतदाता मतदान कर काफी उत्साहित नजर आए। मौके पर युवाओं ने कहा सरकार जिसकी भी बने लेकिन युवाओं की रोजगार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वही अति वृद्ध 96 वर्षीय गुरु चट्टी निवासी बालेश्वर महतो ने कहा कि मैं 1952 में पहली बार वोट किया था, उस समय वोटिंग का कार्य लगभग 9 दिनों तक चला था। उस वक्त बड़कागांव थाना में मतदान केंद्र बनाया गया था, जिसमें अलग-अलग निर्धारित तिथियां पर अलग-अलग गांव के मतदाता रंगीन पर्ची से वोट डाले थें । बुधवार को हुए चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 386072 मतदाताओं के द्वारा बड़कागांव के 26 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला किया जाएगा। वहीं प्रत्याशियों की किस्मत ईवीम मशीन में कैद हो गया है अब भाग्य का फैसला 23 नवंबर को मतगणना से होगा। चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखा गया है। परंतु इसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के बीच लड़ाई नजर आ रही है। इस चुनाव में पचपोनिया वोट निर्णायक हो सकता है। आंकड़ों पर नजर डाले तो 1957 से अब तक हुए चुनाव में जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, और कांग्रेस पार्टी ने लगातार तीन-तीन बार जीतकर इतिहास स्थापित किया है। अब तक लगातार तीन बार से अधिक कोई भी पार्टी जीत हासिल नहीं कर पाई है। इस बार अंबा प्रसाद चुनाव जितने में सफलता हासिल करती है तो यह कांग्रेस के लिए चमत्कार से कम नहीं होगा और अंबा प्रसाद इतिहास भी रच सकती है।

# ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ाता है : ममता देवी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कैंट में खाटू श्याम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने भी विशेष रूप से शिरकत की। इस कार्यक्रम का आयोजन श्याम मंडल द्वारा किया गया था, जो कि खाटू श्याम जी के भक्तों के लिए एक विशेष दिन रहा।कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अपनी भक्ति को प्रकट किया। भजनों की मधुर धुनों और कीर्तन के साथ पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। भक्तों ने भक्ति रस में डूब कर खाटू श्याम जी का गुणगान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ममता देवी ने आयोजकों को धन्यवाद दिया और भक्तों के बीच अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

# रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी ने चलाया जनसंपर्क अभियान वार्ड नंबर 4 के परसोटिया पारे बस्ती कुमार टोला दुसाध मोहल्ला सौदागर मोहल्ला कोरी टोला आदि जगहों पर रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया । जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल मुंडा सीसीएल के अध्यक्ष उदित राम नगर कमेटी के विक्की वर्मा वार्ड नंबर 4 के अध्यक्ष दिलीप भैया दिलीप पांडे अजय सिंह रवि सिंह संजू गुप्ता छोटेलाल राम ललिता देवी सोनी देवी सुमन देवी शारदा देवी गुड़िया देवी रीना देवी लक्ष्मी देवी तेतरी देवी पिंकी देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पतरातु में टोटल 121461 वोट पड़े, लगभग 64.83प्रतिशत वोटिंग



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पतरातु विधानसभा आम चुनाव 2024 काफी गहमा गहमी बीच चुनाव संपन्न हुआ कहीं भी किसी तरह का कोई अप्रिय घटना होने की कोई सूचना नहीं मिली तथा लोग सुबह से ही वोटिंग डालने के लिए अपने घरों से निकले एवं बारी-बारी से लाइन में खड़े होकर वोट डालें पतरातू प्रखंड अंतर्गत 221 बूथ में टोटल 121461 लगभग 64.83 पर्सेंट वोट पड़ा जिसमें 61366 पुरुष एवं 60088 वोट महिलाओं ने वोट डाले सबसे अधिक 242 एवं 246 बूथ में 90त्न वोट पड़े वही बूथ संख्या 276 में सबसे कम 20त्न वोट पड़े पूरे प्रखंड में टोटल 187348 वोटर है जिसमें पुरुषों की संख्या 95493 एवं महिलाओं की संख्या 91844 है।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों केह्ल प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर अंतिम दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। ÷कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजा÷ जैसे शब्दों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर किला मंदिर लोहार टोला चट्टी बाजार झंडा चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। यहां खालसा क्रिकेट क्लब ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब में गुरु महाराज जी का प्रकाश हाल बनकर तैयार हो गया है। सवेरे 8ः00 बजे से प्रकाश हाल में किया जाएगा।प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी प्रीतम सिंह कालरा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा,रविंदर सिंह छाबड़ा बिट्टी त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा इंद्रजीत सिंह होरा रमन सिंह कोहली कशिश छाबडा शरद चमन अंकित कालरा प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनी राजू कालरा विक्की छाबड़ा कशिश छाबडा अंगद चंडोक हरेंद्र छाबड़ा गुरप्रीत चाना,हरपाल सिंह अरोड़ा शतप्रीत सिंह मिंटू राजू छाबड़ा गुरप्रीत सिंह बबलू छाबड़ा जगजीत सिंह स्ड्ढ्रष्ट रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा पुष्पिंदर सिंह छाबड़ गुरजीत सिंह शान पप्पू जस्सल कुलवंत सिंह मारवाह रणजीत सिंह हरजीत सिंह रोमी छाबड़ा जगजीत सिंह जग्गी अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह नीतू सिंह जस्सल, खालसा क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य व खालसा फेडरेशन के सभी सदस्य चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

# सयाल व उरीमारी में गहमा-गहमी के बीच जमकर बरसे वोट, 70.69 प्रतिशत मतदान के साथ विधानसभा चुनाव हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** विधानसभा चुनाव में बुधवार को सयाल व उरीमारी में गहमा-गहमी के बीच जमकर वोटों कि बारिश हुई। इस बीच बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी,जरजरा,गरसुल्ला, लुरूंगा,पोटंगा,चानो आदि मतदान केंद्र क्षेत्रों में लगभग कुल 70 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पतरातु प्रखंड के सयाल,पोडा, केकेसी हाइ स्कूल में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी के साथ पुरे बड़कागांव विधानसभा में शाम 5 बजे तक कुल लगभग 63.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बता दें कि मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी कि टीम मंगलवार शाम को ही अपने- अपने बुथो पर पहुंच गए थे। वहीं बुधवार कि सुबह सात बजे से मतदान कार्य शुरू कर दिया गया। जो शाम करीब पांच बजे तक चला। वहीं सयाल एवं उरीमारी के मतदान केन्द्रो पर बुजुर्ग मतदाता,दिव्यांग मतदाता व महिला मतदाताओ कि कतार दिखी। वहीं इस बार विधानसभा चुनाव में पहली बार



मतदान करने के लिए युवक-युवती में अच्छा खासा उल्लास दिखा। सयाल व उरीमारी के बुथो पर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए वील चेयर का प्रबंध किया गया था। जिसे बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने सराहा। वहीं दूसरी ओर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर सयाल एवं उरीमारी के सभी बुथो पर सुरक्षा बलों के द्वारा मोबाइल फोन को चुनाव कक्ष में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह भी बता दें कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी बुथो पर भारी सुरक्षाबलों कि तैनाती कि गई थी। जिसमे जिला प्रशासन के साथ सीआरपीएफ,बीएसएफ,आईटीबीपी के जवानो कि तैनाती कि गई थी। वहीं शाम पांच बजे मतदान कर्मियों के द्वारा क्षेत्रीय लोगों एवं सुरक्षा बलों के देख-रेख में वोटिंग मशीन को सील किया गया। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने उरीमारी प्रक्षेत्र के सभी बुथो का निरीक्षण किया और साथ ही चुनाव कार्य में लगे सुरक्षाकर्मीयो से मिलकर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## केकेसी हाई स्कूल सयाल के मतदान केंद्र पर वोटर लिस्ट में नाम कटने और बीएलओ द्वारा परची ना बांटने पर जमकर हुई बहसबाजी

**उरीमारी :** केकेसी हाइ स्कूल सयाल के बुथ संख्या 295 पर दोपहर करीब एक बजे मतदान को लेकर वोट देने पहुंचे ग्रामीणों ने मतदाता सूची में नाम कटने पर और बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटने का आरोप लगाते हुए बुथपर ही बीएलओ के साथ जमकर बहसबाजी हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चुनाव में हम सभी ने अपने मत का प्रयोग किया था। और इस बार विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से नाम ही काट दिया गया है। वहीं इस बार बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची किसी को नहीं दिया गया। हालांकि पुलिस के जवानो और चुनाव में लगे मतदान कर्मीयों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया।

## पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस प्रेक्षक ने सयाल के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**उरीमारी :** सयाल के मतदान केन्द्रो पर बड़कागांव विधानसभा चुनाव को देखते हुए रामगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं पुलिस प्रेक्षक ने सयाल के केकेसी हाइ स्कूल ,सयाल मध्य विद्यालय एमआरएफ स्कूल, मध्य विद्यालय केके, आंबेडकर सामुदायिक भवन के मतदान केन्द्रो का चुनाव के बीच में ही निरिक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं पुलिस प्रेक्षक ने चुनाव ड्यूटी पर लगे जवानों चुनाव आब्जर्वर को आवश्यक जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वहीं साथ में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार के साथ अन्य थाना एवं ओपी प्रभारी मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण अंतर्गत 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान समाप्ति के पश्चात एन0आई0सी0 कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ श्री अजय कुमार ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शाम 5ः00 बजे तक केरेडारी प्रखंड में 53711(74.4 प्रतिशत), टंडवा प्रखंड में 8845 (57.38 प्रतिशत), बड़कागांव प्रखंड में 79413 (72 प्रतिशत) एवं पतरातू प्रखंड में 120851 (63.81 प्रतिशत) इस प्रकार कल




262820 (68.08 प्रतिशत) लोगों ने मतदान किया। कुछ एक स्थान पर अभी मतदान चल रहा हैं अतः यह प्रतिशत बढ़ेगा। पिछले विधानसभा के मुकाबले इस बार लगभग 5 प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ है। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दौरान किसी भी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ और मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात अब रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में बनाए गए वज्र गृह में सभी मतदान पदाधिकारी पहुंचेंगे जहां उचित व्यवस्था के साथ सभी से मतदान कराए गए ई0भी0एम0 प्राप्त कर उसे वज्र गृह में रखा जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रामगढ़ दीप्ति प्रियंका कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, वरीय पदाधिकारी मीडिया को सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी, स्वागतक जिला जनसंपर्क कार्यालय नीतीश कुमार सहित विभिन्न संस्थाओं के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विकास के लिए कांग्रेस को जितायें : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सह महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी ने चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह व सेवई पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में जा कर लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने लोगों के समक्ष अपने कार्यकाल में किए गए कामों और हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं और विकास कार्यों को गिनाई। जिसमें अबूवा आवास, मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले किशोरी योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना,और सरकार के समर्थन में वोट करने की अपील किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, मायल मुखिया फिरोज अंसारी, जगरनाथ महतो, गौरीशंकर महतो, लुकेश्वर चौधरी, मो साजिद, सुलेमान अंसारी, लक्ष्मण महतो, शिवलाल हांसदा, शंकर करमाली, तनवीर आलम सहित कई मौजूद थे।

# गोला में बसपा प्रत्याशी बिनू कुमार महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्यासी बिनू कुमार महतो उर्फ युवा टाइगर ने बुधवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के टांडिल,डभातू,जारा, कुम्हरदगा,हुल्लू,बिहार,गुटीयल, संग्रामपुर,सरलां कलां सहित अन्य गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया, जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने उनके समक्ष समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या है,रामगढ़ में एक भी सरकारी अच्छा अस्पताल नहीं है ना ही कोई अच्छा सरकारी स्कूल है ,सरकारी योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी कार्य में काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिचौलिया



पूरी तरह से हावी हो गया हैं, बिना बिचौलिया पकड़े किसी भी तरह का कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि 20 साल से आजसू व 5 साल से कांग्रेस झामुमो की सरकार ने रामगढ़ की जनता को ठगने का काम किया है,जनता इस बार जात पात से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर वोट करेगी।बिनू ने लोगों को आश्वासन दिया की उनके समक्ष रखे समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान बिनू कुमार महतो को जनता का आशीर्वाद और जनसमर्थन मिला रहा। बिनू ने लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# पुलिस पर्यवेक्षक, उपायुक्त एवं एसपी रामगढ़ के द्वारा पतरातू प्रखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** 22 बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र में हो रहे प्रथम चरण के मतदान को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस पर्यवेक्षक, उपायुक्त, रामगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पतरातू प्रखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील करते हुए मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों एवं पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी सभी सैक्टर दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी एवं मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी से लगातार संपर्क स्थापित कर वर्तमान स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# गड़के मुंडा बगान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह सरना झंडा गाड़ी मनाने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला में ग्राम गड़के मुंडा बगान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह सरना झंडा गाड़ी मनाने को लेकर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा व राष्ट्रीय सरना युवा संघ की बैठक हुई आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा 149 वां जयंती ग्राम लोधमा मैं बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा द्य बिरसा जयंती सह सरना झंडागाड़ी पहान के द्वारा विधि विधान से हर साल की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । मौके पर संरक्षक राजेश पहान, जिला अध्यक्ष शुक्रमनी मुंडा,आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव,नरेश मुंडा,राजेश मुंडा, भुवनेश्वर बेदिया, गोदानाथ मुंडा, अजय मुंडा,लाल करमाली, बबीता मुंडा,आलोमनी पाहन,अनु मुंडा,पिंकी मुंडा, जयंती बेदिया, रूपलाल मुंडा, धनी लाल मुंडा, संदीप, मुन्ना बेदिया, जयंती बेदिया, अभिराम बेदिया,सलखु ,अजय, रीता, बुधनी आदि कोई उपस्थित थे।

## सांसद चंद्रप्रकाश व दुलमी पार्षद प्रीति दीवान ने जनसम्पर्क अभियान चलाया

# झारखण्ड में परिवर्तन की लहर है, निकमी सरकर को उखाड़ फेंके : चंद्रप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी पुरी ताकत झोंक दी है चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया गया इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं दुलमी पार्षद प्रीति दीवान के द्वारा सिकनी और होहद पंचायत पहुँचे जगह जगह पर चुनावी नुक्कड़ सभा की गई डोर टू डोर जनसम्पर्क कर सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट देने की अपील की गई, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने मतदाताओं से कहा की झारखण्ड की जनता परिवर्तन चाह रही है, झरखंड में भ्रष्ट और निकमी सरकर के खिलाफ मतदाता 2024 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकर बनाएगी और झरखंड सरकर को इस बार जाना तय है भाजपा के नेतृत्व में झरखंड में एनडीए का सरकर निश्चित तौर पर बनेगी, झरखंड की जनता परिवर्तन चाह रही है विकास, सत्ता परिवर्तन के बाद एनडीए की सरकार ही झारखंड का बेहतरीन विकास कर सकती है,



रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सिकनी- होहद के ग्रामीणो से कहा की सुनीता चौधरी को वोट देकर भारी बहुमत से जिताने का कम करें!दुलमी के पार्षद प्रीति दीवान ने दोनों पंचायत के लोगों से कहा की झरखंड सरकर के पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश के कार्यकाल में रामगढ़ का बेहतरीन तरीके से सर्वांगिन विकास कार्य हुआ है, मूलभूत पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, सिंचाई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम किया गया है, रामगढ़ जिला का निर्माण करना इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना,पॉलीटेक्निक कॉलेज,आईटीआई,की स्थापना पंचायत के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर गांव में नल से जल चूल्हा तक पहुंचाया गया, पीसीसी पथ निर्माण करना जैसे ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है इसलिए आगामी 20 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा का चुनाव होगा, शत प्रतिशत लोग करें, वोट देने से कोई वंचित नहीं दुलमी द्वारा लोगों से अपील किया गया की, रामगढ़ में विकास का विकल्प है, विधानसभा का विकास केवल सुनीता चौधरी ही कर सकती है इसलिए सभी मतदाता किसी के बहकावे में ना आये और सुनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह केला छाप पर 20 नवंबर को सुबह अपने बूथों पर पहुंचकर चुनाव चिन्ह केला में बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का कम करें! इस मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, महिला प्रखंड अध्यक्ष लीलावती देवी पंकज महतो अरुण दीवान दिलीप महतो, किलश महतो,बलराम महतो, सहित सैकड़ो आजसू समर्थक शामिल थे।

# नोट गिनने वाली मशीन लेकर अल्ताफ के घर पहुंची थी ईडी, बैंक के अधिकारी भी थे शामिल









प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम बंग्लादेशी घुसपैठ मामले में मंगलवार को शहर के सिद्धार्थ नगर स्थित अल्ताफ नामक युवक के घर नोट गिनने वाली मशीन लेकर छापेमारी करने पहुंची थी। नोट गिनने के लिए किसी बैंक के एक अधिकारी भी ईडी के अधिकारियों के साथ मौजूद थे। इसकी चर्चा बाजार में छापेमारी के बाद से ही शुरू हो गई थी। इन चर्चाओं ने तब ज्यादा जोर पकड़ा, जब स्थानीय एक बैंक के अधिकारी को लोगों ने देखा। हालांकि इस संबंध में ईडी के अधिकारियों की ओर से कोई भी बयान अब तक नहीं आया है। अल्ताफ या उनके घर वालों की ओर से भी किसी तरह का बयान नहीं आया है। यूं कहे कि ईडी या फिर अल्ताफ या उनके घर वाले कुछ भी कहने से बचते रहे हैं। ईडी की कार्रवाई से संबंधित कोई भी जानकारी मीडिया से साझा नहीं किया गया है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि ईडी की टीम अल्ताफ के घर नोट गिनने वाली मशीन लेकर पहुंची थी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि मशीन की जरूर ही नहीं पड़ी। बता दें कि ईडी की टीम अल्ताफ के घर मंगलवार सुबह करीब 7ः00 बजे छापेमारी करने पहुंची थी। विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है कि ईडी के अधिकारियों की टीम में एक बैंक के अधिकारी भी शामिल थे। सूत्रों का यह भी दावा है कि बैंक अधिकारी ईडी की टीम के साथ शुरू से लेकर अंत तक मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि ईडी की टीम को अल्ताफ के घर बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में फर्जी दस्तावेज के साथ-साथ भारी मात्रा में नगदी भी मिलने की उम्मीद थी। इसलिए ईडी की टीम ने बैंक अधिकारी को भी नोट गिरने वाली मशीन के साथ लेकर आई थी। हालांकि अल्ताफ के घर छापेमारी में ईडी को फर्जी दस्तावेज या नगदी के मामले में क्या कुछ हाथ लगा, इसकी सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन सूत्रों का दावा है कि ईडी को छापेमारी से पहले अल्ताफ के घर से फर्जी दस्तावेज के साथ-साथ नगदी मिलने की सूचना मिली थी। उल्लेखनीय है कि 16 सितंबर 2024 को ईडी ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में केस दर्ज किया था। इसी मामले की जांच के सिलसिले में 12 नवंबर मंगलवार को ईडी की टीम सुबह करीब 7ः00 बजे पाकुड़ के आदर्श नगर में अल्ताफ नामक युवक के घर छापेमारी करने पहुंची थी। अल्ताफ के घर ईडी के अधिकारियों ने रात करीब 8ः00 बजे तक करीब 13 घंटे तलाशी ली और पूछताछ भी किया। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान अल्ताफ सहित घर के तमाम सदस्यों से बांग्लादेशी घुसपैठ, फर्जी दस्तावेज और नगदी को लेकर तलाशी और लंबी पूछताछ की है। अल्ताफ के तीन तल्ला बिल्डिंग में तमाम कमरों की तलाशी ली गई है। एक-एक कर सभी कमरों और कमरों में रखें कागजातों की जांच की गई है। ईडी की टीम में शामिल आधे दर्जन से ज्यादा अधिकारी सीआरपीएफ के जवानों के साथ अल्ताफ के घर पहुंची थी। वहीं छापेमारी पूरी होने के बाद मीडिया कर्मियों ने अधिकारियों से छापेमारी को लेकर जानकारियां लेने का प्रयास किया। लेकिन अधिकारियों ने कुछ भी जानकारी साझा नहीं किया। अल्ताफ या उनके घर वालों ने भी छापेमारी को लेकर कार्रवाई के बारे में एक शब्द भी नहीं बताया। ईडी की टीम छापेमारी पूरी होने के बाद अल्ताफ के घर से सीधे निकल पड़ी।

# वन विभाग को चकमा दे कर लाखों की लकड़ियां भेजे जा रहे हैं बंगाल, तस्कर मालामाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** लकड़ी तस्करी पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग की बीच-बीच में कार्रवाई सामने आती रही है। लेकिन इस पर पूरी तरह रोक लगाने में सफल नहीं हो पा रही है। लकड़ी तस्कर पर वन विभाग की कार्रवाई का जरा सा भी खौफ नहीं दिख रहा है। सदर प्रखंड पाकुड़ में लकड़ी तस्करी की तस्वीरें तो यही कह रही है। लकड़ी तस्कर के हौंसले इतने बुलंद है कि ना तो उन्हें प्रशासन का डर है और ना ही वन विभाग का कोई तरह का खौफ है। दिन के उजालों में भी हर दिन लाखों की लकड़ियां बंगाल में तस्करी कर तस्कर मालामाल हो रहे हैं। पाकुड़ प्रखंड का कुछ इलाका लकड़ी तस्करी का सेफ जोन बन गया है। इसमें कालिदासपुर, काशीला, कुमारपुर रेलवे फाटक होते हुए इलामी का रास्ता लकड़ी तस्करी का सबसे सुरक्षित रास्ता बन गया है। यूं कहे कि लकड़ी तस्कर इस रास्ते को सेफ जोन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रास्ते हर दिन भूटभूटिया वाहनों से लाखों की लकड़ियां बंगाल तस्करी किए जा रहे हैं। इसमें गरीब परिवारों से आने वाले स्थानीय भूटभूटिया चालकों को पैसों का लालच दिखाकर उन्हें इस्तेमाल किया



जा रहा है। इन भूटभूटिया चालकों के माध्यम से हर दिन रात के अंधेरे और दिन के उजालों में भी लाखों की लकड़ियां बंगाल में तस्करी किया जा रहा है। ये भूटभूटिया चालक कालिदासपुर, काशीला, कुमारपुर रेलवे फाटक होते हुए ईलामी के रास्ते आसानी से लकड़ी को बंगाल पहुंचाने का काम कर रहा है। यहां बताना जरूरी होगा कि ईलामी गांव पश्चिम बंगाल से बिल्कुल सटा हुआ है। ईलामी गांव पार करते ही बंगाल पहुंच जाता है। सूत्रों की माने तो लकड़ी तस्करी के इस बड़े खेल में हिरणपुर के एक बड़े माफिया या तस्कर शामिल है। यही वह तस्कर है जो भूटभूटिया चालकों को कुछ पैसों का लालच दिखाकर हर रोज लाखों की लकड़ी बंगाल तस्करी करता है। इसमें स्थानीय लकड़ी तस्कर के भी शामिल रहने की जानकारी सूत्रों से मिली है। इन माफियाओं के चलते पाकुड़ की हरियाली पर बुरी तरह से असर पड़ रहा है। यही वह माफिया है, जो ना सिर्फ हरे भरे जंगल को खत्म करने में लगे हैं, बल्कि सरकार को भी चुनौती दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार और प्रशासन पाकुड़ ही नहीं पूरे झारखंड को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाने की योजनाएं चला रखी है। लाखों करोड़ों रुपए सरकार के द्वारा खर्च किया जा रहा है। ताकि पर्यावरण को सुरक्षित और नियंत्रित कर पाए। लेकिन लकड़ी माफिया या लकड़ी तस्कर सरकार के उद्देश्यों को नाकाम करने में लगे हुए हैं। पर्यावरण को प्रदूषित करने का काम कर रहे हैं। जिसका सीधा असर इंसान या अन्य जीवों पर पड़ सकता है। पेड़ पौधों से इंसान को जीने के लिए बेहद जरूरी ऑक्सीजन की जरूरत होती है। जिसके बिना इंसान का वजूद ही नहीं है। इसके लिए एनजीटी, सरकार और प्रशासन हर तरह के प्रयास में जुटी है। लेकिन लकड़ी माफिया एनजीटी, सरकार और प्रशासन को साफ तौर पर चुनौती दे रहा है। जिस तरह से इन रास्तों से हर रोज लकड़ी की भारी मात्रा में तस्करी की जा रही है, यह बहुत ही चिंताजनक है। पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की बजाय माफिया आर्थिक फायदे के लिए पेड़ों को खत्म करने में लगे हुए हैं। लकड़ी तस्करी के खिलाफ वन विभाग को सख्त कदम उठाना होगा। तभी लकड़ी तस्करी पर रोक लग सकती है। अन्यथा लकड़ी तस्करों का मनोबल बढ़ेगा और पर्यावरण को खतरे में डालने का काम करता रहेगा। इधर रेंजर आरती पासवान ने कहा कि मैंने अभी-अभी जॉइनिंग किया है। मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। निश्चित रूप से अगर इन रास्तों से लकड़ी की तस्करी होती है, तो इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## भगैया पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मंडरो :** मंडरो प्रखंड के भगैया-बोआरीजोर मुख्य सड़क पर सड़क हादसे में दो युवक की मौत एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के भगैया-बोआरीजोर मुख्य सड़क पर दो युवक बाईक पर सवार होकर भगैया के तरफ से बोआरीजोर की ओर जा रहा था। उसी के दौरान अचानक भगैया पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे खड़ी एक अन्य वाहक का खलासी टायर का हवा चेक कर रहा था। उसी वक्त बाइक सवार तेज रफ्तार में आया और टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पेट्रोल टंकी के सामने गिर पड़ा और वाहन का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एक जुगाड़ वाहन से तीनों घायल को भगैया स्थित एक नीजी क्लीनिक पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए कहलगांव ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बाराहाट बाजार के पास मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। इसके बाद रात्रि लगभग 12 बजे घायल खलासी को हरि देवी रेफरल अस्पताल ठाकुरगंगटी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में तैनात डॉ ने उसका उपचार शुरू किया बुधवार सुबह तक घायल की स्थिति ठीक थी। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और दोपहर में उसकी भी मौत हो गई। इधर, मोटरसाइकिल के पीछे सवार युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। रेफरल अस्पताल से घटना की ठाकुरगंगटी पुलिस को दी गई। घटनास्थल मिर्जाचौकी और मेहरमा थाना का सीमावर्ती होने के कारण स्थल का निरीक्षण किया गया। तो पाया गया कि घटना स्थल मेहरमा थाना क्षेत्र में पड़ता है। जबकि सड़क मिर्जा चौकी थाना क्षेत्र में है। फिर मेहरमा थाने की पुलिस हरि देवी रेफरल अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया। उधर, मृतक मोटरसाइकिल चालक का पहचान सलीम अंसारी पिता मतिउद्दीन अंसारी ग्राम महुआकोल के रुप में हुई है। दूसरा युवक विपीन कुमार राणा पिता जगदीश राणा साकिन खैरा थाना पथरगामा के रुप में हुई है। बाईक सवार के पीछे बैठा सड़क दुर्घटना में घायल युवक का पहचान छोटू पिता जलाल अंसारी महुआकोल गांव निवासी के रूप में हुई है। मेहरमा थाना पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# पांच दिन से गायब चल रहे हैं प्रधान शिक्षक, पुत्र चला रहा स्कूल, खतरे में बच्चों का भविष्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा में प्रधान शिक्षक गुलाब शेख की मनमानी की वजह से छात्रों का भविष्य खतरे में है। प्रधान शिक्षक की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा है। अनियमित स्कूल संचालन और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी को लेकर सुर्खियों में रहे प्रधान शिक्षक गुलाब शेख पांच दिनों से स्कूल से गायब चल रहे हैं। आश्चर्य तरीके से उनकी जगह उनका पुत्र अबुल बशर स्कूल चला रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा में दो शिक्षक कार्यरत हैं। इसमें प्रधान शिक्षक गुलाब शेख तथा एक अन्य शिक्षक जहांगीर शेख शामिल हैं। प्रधान शिक्षक गुलाब शेख 9 नवंबर से स्कूल से नदारद चल रहे हैं।



हालांकि उस दिन सरकारी काम में बीआरसी जाने की बात कह कर स्कूल से निकले थे। यह जानकारी बुधवार को स्कूल में मौजूद प्रधान शिक्षक के पुत्र अबुल बशर के माध्यम से मिली। इसके बाद से प्रधान शिक्षक गुलाब शेख लगातार गायब रहे। उन्होंने इसकी जानकारी ना तो स्कूल में कार्यरत दूसरे शिक्षक को दी और ना ही विभाग को सूचना दिया। बिना किसी सूचना के ही लगातार गायब रहे। प्रधान शिक्षक गुलाब शेख के पुत्र अबुल बशर ने बताया कि मेरी मम्मी की हाथ में चोट आ गई है। इसलिए मेरे पिताजी इलाज कराने के लिए बाहर गए हुए हैं। पिताजी के बदले मैं स्कूल चला रहा हूं। अबुल बशर ने इतना तक कहा कि पिताजी के नहीं रहने से भी कोई दिक्कत नहीं है। मैं उनसे भी अच्छा स्कूल चला लेता हूं। इस दौरान अबुल बशर को बच्चों को पढ़ाते भी देखा गया। प्रधान शिक्षक गुलाब शेख के ऐसे रवैयों से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। यहां बताना जरूरी होगा कि पिछले दिनों प्रधान शिक्षक पर सरकारी योजनाओं के संचालन में गड़बड़ी का आरोप लगा था। इधर पांच दिनों से गायब चल रहे प्रधान शिक्षक से दूरभाष पर संपर्क कर स्कूल से नदारद रहने की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बताया और कहा कि मैं घर पर हूं और मिलकर बात करता हूं। इधर जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार को इसकी जानकारी देने पर उन्होंने मामले की जांच करने की बात कही है।

# डीएफओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व मतदाता शपथ दिलाकर टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में बुधवार से सिदो-कान्हू स्टेडियम में अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉकआउट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्यतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता शपथ दिला कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके पूर्व ज़िला क्रिकेट संघ की ओर से डीएफओ का बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान डीएफओ ने कहा कि सभी खेल भावना के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन करें। कहा कि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ क्रिकेट व अन्य खेल में भी दिलचस्पी लें। क्रिकेट व अन्य खेलों में कैरियर की बेहतर संभावना है। डीएफओ ने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य व देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी। वहीं उन्होंने




खिलाड़ियों को लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उद्घाटन मैच माही स्पोर्ट्स ब्लू बना संत जेवियर स्कूल ए टीम के बीच खेला गया। संत जेवियर स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 206 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आकाश दूबे ने 58, मो जुनैद ने 36, ललित नारायण ने 19, आर्यन ने 17 व आदित्य ने 14 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स ब्लू के गेंदबाज हजरत शेख ने 4 व मोहम्मद चांद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी बाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स की टीम ने 23.5 ओवर में 153 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मयंक राज ने 35, शिवम राज ने 25 व आनंद ने 12 रनों की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज आकाश दूबे ने 4, आदित्य व प्रतीक ने 2-2 एवं जुनैद ने 1 विकेट लिया। संत जेवियर स्कूल की टीम ने 53 रनों से जीत दर्ज की। संत जेवियर स्कूल के खिलाड़ी आकाश दूबे को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा ने आकाश दूबे को मैन ऑफ दी मैच ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डु व स्कोरिंग में कुमार सुमन ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, डॉ सुमित, सुरेश साह, आफताब आलम, सतीश सिन्हा, अमित तिवारी, अशोक चौधरी, डॉ तुफैल अहमद, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, एथलेटिक्स कोच योगेश प्रसाद यादव, जाहिद खान, आदि थे ।

## लोहरदगा में महिला मतदाताओं का उत्साह रहा चरम पर, 73 प्रतिशत से अधिक हुए मतदान

# कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, नक्सलियों के गढ़ में 65 प्रतिशत हुए मतदान

## ईवीएम में बंद हुई 17 उम्मीदवारों की किस्मत, नतीजे 23 को








**राजेश गुप्ता @ प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** लोहरदगा विधानसभा सीट के लिए प्रथम चरण में शनिवार को हुए मतदान में मतदाताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। लोहरदगा जिले में 73 प्रतिशत से अधिक मतदान हुए हैं। नक्सलियों के गढ़ में 65 प्रतिशत अधिक मतदान होने की सूचना है। उम्मीद के विपरीत ग्रामीण और खासकर नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम के साथ मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पेशरार प्रखंड के जंगलवर्ती पहाड़ी इलाके के कौआडर व केरार में भी वोटरों में उत्साह देखी गयी, महिला वोटर काफी उत्साहित थीं। समाचार लिखे जाने तक किसी तरह की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। लोहरदगा और विशुनपुर विधानसभा(अंश) के कुल 428 मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए हजारों सुरक्षा बल तैनात किये गये थे। उपायुक्त डॉ वाघमारे कृष्ण स्वच्छ और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए वस्तु स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वहीं पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार,एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की सहित अन्य प्रशासनिक आला अधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण कर मतदान की स्थिति का जायजा लेते रहे हैं। इस दौरान कहीं से भी अप्रियघटना का समाचार नहीं है। नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं का उत्साह काफी सुखद रहा। महिलाओं की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। सदर प्रखंड के जोरी गांव स्थिति बूथ पर सुबह सवा 9 बजे तक 922 में से 111 मतदाता वोट डाल चुके थे, जबकि कुडू प्रखंड के चेटर के मतदान केंद्र संख्या 147 में कुल मतदाता 449 में से 9ः00 बजे तक 108 मतदाता वोट दे चुके थे। मकांदु में 8ः25 बजे तक मतदान केंद्र संख्या 127 कुल मतदाता 1113 में से 101 ने मतदान कर चुके थे। इस तरह दोपहर साढ़े 12ः30 बजे तक कुल 48 प्रतिशत वोट डाला जा चुका था। इसके पूर्व सुबह लगभग दर्जन भर बूथों में ईवीएम की तकनीकि गड़गड़ी के कारण मतदानकारी एक-डेढ़ घंटा विलंब से शुरू हुआ। जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों से आधा से अधिक मतदान कर्मियों व ईवीएम मशीनों को कलस्टर तक लाया जा चुका है। अंधेरा हो जाने के कारण बाकी बचे मतदान कर्मियों को गुरुवार की सुबह हेलीकॉप्टर के जरिए वापस लाने की योजना जिला प्रशासन ने बनायी है।

**मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अधिक**

लोहरदगा विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मतदान का प्रतिशत अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक रहा। वोट के प्रति मुस्लिम मतदाताओं के रूझान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सुबह में ठंड के बावजूद मतदाता बूथ की ओर चल पड़े। अल्पसंख्यक छात्रावास ईदगाह मुहल्ला के बूथ, आयशा कच्छी स्कूल के बूथ, बालिका हाई स्कूल के बूथ में 11 बजे तक 45 से 55 प्रतिशत वोट हो चुके थे। इन क्षेत्रों में मुस्लिम महिलाएं भी बड़ी संख्या में वोट देने के लिए अपने घरों से निकलकर बूथों पर आई थीं। आयशा कच्छी महिला विद्यालय में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के बूथों पर महिला-पुरूषों में खासा उत्साह दिखा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं काफी उत्साहित नजर आयीं।

**संवेदनशील बूथों में अर्द्धसैनिक बल थे तैनात**

लोहरदगा प्रथम चरण के चुनाव में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा की काफी चौक-चौबंध व्यवस्था की गयी थी। खासकर संवेदनशील बूथों एवं नक्सल प्रभावित इलाकों में एसएसबी, केंद्रीय पुलिस बल जैसे अर्द्धसैनिक बलों की व्यवस्था की गयी थी। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में पुरूष से अधिक महिलाएं उत्साहित नजर आ रही थीं। पहाड़ी क्षेत्र में भी अर्द्धसैनिक बलों के तैनाती से निर्भीक होकर मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। पर्यवेक्षक एवं अन्य आला अधिकारी अतिसंवेदनशील बूथों में स्वयं जाकर निरीक्षण करते देखे गये।

**निरीक्षण करते आला अधिकारी,बूथों में तैनात सुरक्षाकर्मी, जागो और वोट दो का नारा हुआ झूठा साबित**

लोहरदगा विधानसभा में चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखी गयी। वहीं बंजार किस्को के ग्रामीणों में वोट देने की उत्सुकता नजर नहीं आने से बूथ पर सन्नाटा पसरा रहा। महिला-पुरूष रोजमर्रा की तरह अपने खेतों में जाकर काम करते देखे गये। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम लोगों को पता नहीं कि आज ही मतदान करना है। अगर पता भी होता तो हमे कोई हारे या जीते इससे हम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे में चुनाव आयोग के द्वारा आयोजित जागो और वोट दो का नारा झूठा साबित हुआ।

**भंडरा में सर चढ़कर बोला मतदाताओं का जुनून**

लोहरदगा बुधवार को भंडरा में विधानसभा के चुनाव में करीब 70 प्रतिशत वोट पड़े। जिसमें सुबह से ही कतारबद्ध होकर मतदाताओं ने काफी उत्साह दिखाया और अपने मतों का प्रयोग किया। वोट शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटिंग को लेकर अपने-अपने में प्रतिस्पर्धा रही। मुख्य पार्टी में कांग्रेस, आजसू समेत अन्य सभी पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने पक्ष में मतदान करने हेतु कई प्रकार से लोगों को बूथों तक पहुंचाते रहे। लेकिन मतदाता बीना किसी के दबाव के अपने मत का प्रयोग किया। आजसू, कांग्रेस में कांटें की टक्कर होने की संभवना व्यक्त किया गया।

**अति उत्साहित थे मतदाता**

लोहरदगा मतदान को लेकर पूरे शहर का माहौल शांत रहा। शहर के प्रतिष्ठित व्यवायायिक संस्थानों से लेकर शिक्षण संस्थान बंद रहे। लोगों में मतदान को लेकर उत्साह दिखा। शहर में इक्के-दुक्के वाहनों को छोड़कर बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद रहा। पुलिस की गाड़ियां दिनभर सड़कों पर सरपट दौड़ती रही। ताकि कहीं अप्रिय घटना न घटे। सुरक्षा की चाक-चौबंध व्यवस्था की वजह से मतदाता शांतिपूर्वक मतदान करने के लिए लंबी-लंबी कतारों से घंटों खड़े रहे। शहर में विभिन्न दलों के प्रत्याशी अपने-अपने वाहनों के साथ घूमते दिखाई दे रहे थे। लोगों के द्वारा आपस में विभिन्न प्रत्याशियों के जीताने की कयास लगाये जा रहे थे। गौरतलब है की लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत मानवता का परिचय देते हुए एक वृद्ध एवं विकलांग महिला को वोट दिलवाने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचाते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया।

## सांसद सुखदेव भगत स्वर्गीय सघनू भगत के पार्थिव शरीर को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के पूर्व विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सघनू भगत जी का आज आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत लोहरदगा ब्लॉक कॉलोनी स्थित स्वर्गीय सघनू भगत के आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर को नमन किए एवं परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये। श्री भगत ने कहा कि वे एक जुझारू और संघर्षशील नेता रहे हैं। झारखंड आंदोलन में उनकी अहम भूमिका रही है। मौके पर चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, आलोक कुमार साहू, अजय पंकज के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने नियमित बूथों का किया निरीक्षण, बढ़ता रहा मतदान प्रतिशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में लोहरदगा जिला में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संचालित हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने नियमित बूथों का निरीक्षण किया और मतदान प्रक्रिया को निरंतर गतिशील बनाये रखने के निर्देश दिये। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा कुडू के चांपी स्थित बूथ, चिरी में राजीकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरी, कुटमू स्थित यूनिक बूथ प्राथमिक विद्यालय कुटमू आदि शामिल है। पुलिस प्रेक्षक द्वारा कैमो स्थित यूनिक बूथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैमो,राजकीय मध्य विद्यालय कैरो समेत अन्य बूथों का निरीक्षण किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रखण्डों में अवस्थित बूथों व नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के बूथों में लगातार मतदान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही थी। साथ ही वृद्ध/दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सुविधा, व्हीलचेयर, वोलेंटियर की सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी।जिला स्तर पर सभी बूथों में की जा रही वेबकास्टिंग व वीडियोग्राफी की लगातार जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग की गई। समय-समय पर धीमी पड़ रही मतदान प्रक्रिया को तेज करने के निदेश दिये गये। जिला के सभी मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो गया। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 324 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक 14.97 प्रतिशत,11 बजे तक 33.44 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 51.53 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे 65.99 प्रतिशत और शाम पांच बजे तक 73.21 प्रतिशत (अनुमानित) मतदान हुआ।

## भाजपा नेता साधनू भगत का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक आवास में किया जाएगा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा के पूर्व विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री श्री सधनु भगत का आज दिनांक 13 नवंबर को आकस्मिक निधन होने के पश्चात आज दिनांक 14 नवंबर दिन गुरुवार को सुबह 8:00 बजे बक्शीडिपा स्थित जिला कार्यालय में माननीय श्री सधनु भगत जी का पार्थिव शरीर को लाया जाएगा। जहां पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित होकर उन्हें अपना अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। पश्चात प्रातः 9:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय से उनके पैतृक गांव हेंसल बसारडीह ले जाया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर अंतिम यात्रा में शामिल हो।

## लोकतंत्र के इस महापर्व में सहयोग करने के लिए पुलिस प्रशासन एवं मतदान कर्मीयों का बहुत बहुत आभार : डॉ. टी साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के झारखंड प्रदेश तेली महासभा, निंगनी काली पूजा समिति के आजीवन संरक्षक, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति के संरक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता सह दंत चिकित्सक डॉ टी साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले मतदाताओं,जिला प्रशासन,निर्वाचन आयोग तथा अन्य कार्यकर्ता सहयोगियों को चुनाव के इस महापर्व में सहयोग लिए बहुत बहुत आभार प्रकट किया है।इस दौरान उन्होंने कहा कि देश, राज्य व समाज के संपूर्ण विकास के लिए अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग करने वाले पहले मतदाताओं को भी धन्यवाद किए है।इस दौरान उन्होंने कहा की सभी बूथ पर शत प्रतिशत हुआ और हमारा भविष्य एक सुरक्षित हाथों में रहे यही कामना किए है।हम ऐसे व्यक्ति अथवा प्रत्याशी का चयन करते जो देश समाज व राज्य का विकास सोचता हो न कि स्वयं का हित सोचता हो। एक जागरूक नागरिक होने के साथ समझदारी के साथ अपना बहुमूल्य वोट का योगदान महादान है। इस तरह उन्होंने अपने बातों को दोहराते हुए कहा कि वोट आपके लोहरदगा जिला समेत पूरे राज्य व देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ टी साहू ने सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दलों और युवाओं महिलाओ,बुजुर्ग नागरिकों को बहुत बहुत साधुवाद किया है।युवा देश का भविष्य होते है इसलिए उनका यह फर्ज बनता है कि अपने मताधिकार को समझे,जाने और समझदारी के साथ सही प्रत्याशी को ही वोट करे। हमे किसी धर्म,जाति,समुदाय विशेष में न जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में मुख्य भूमिका निभा सके हमारा एक वोट ही लोकतंत्र तथा देश और समाज को मजबूत करता है।

## मतदान केंद्र संख्या 300 में पहला मतदान करने वाली सरोज देवी को बीएलओ द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में बुधवार को शांतिपूर्ण विस चुनाव संपन्न हुआ। भंडरा प्रखंड में विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। अपने पहला मतदान करने को लेकर युवाओं की टोली अहले सुबह ही मतदान केंद्र पहुंच गई थी। भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 300 व 301 में सुबह के साढ़े पांच बजे से ही मतदाताओं की लाइन शुरू हो गई थी। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 300 में पहला मतदान करने वाली सरोज देवी को बीएलओ सुमित्रा टोप्पो द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। भंडरा प्रखंड के बिशुनपुर अंश व लोहरदगा मतदान केंद्र में मतदान करने को लेकर वृद्ध मतदाताओं में भी काफी खुशी देखी गई। कचमची मतदान केंद्र संख्या 311 में अपने छह माह के बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची किरण लकड़ा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मताधिकार जरूरी है। समाज व राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए मतदान करना जरूरी है। पझरी मतदान केंद्र संख्या 303 में मतदान करने पहुंची सुगन उरांव (85 वर्ष) ने कहा कि हर पांच साल में मतदान करने का मौका एक बार ही मिलता है। राज्य के विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना मताधिकार का प्रयोग कर काफी खुश है। पझरी गांव से अपने पोते को लेकर पहुंची सुको उरांव (72 वर्ष) ने कहा कि जबतक जिंदा है, तब तक खुद मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करेंगे। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करना अत्यंत जरूरी है।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में मतदान को लेकर दिखा मतदाताओं में उत्साह, देर शाम तक चलता रहा मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 नवंबर बुधवार को प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रों में मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर दिखा उत्साह। प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 182 एवं 183 राजकीय उत्क्मीत मध्य विद्यालय गितिलगढ़ के पूर्वी एवं पश्चिमी भाग में तथा बूथ संख्या 186 रा0 मध्य विद्यालय चाल्हो एवं बूथ संख्या 187 प्राथमिक विद्यालय महुवरी प्रखंड के उक्त 04 मतदान केंद्रो में प्रातः 7 बजे से शाम 04 बजे तक मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया था,31 बूथों में शाम 05 बजे तक मतदान कार्य जारी रहा। कैरो प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड के 02 बूथ गजनी पंचायत के बूथ संख्या 190 एवं कैरो पंचायत के बूथ संख्या 167 में देर शाम 05 बजे के बाद तक भी मतदान कार्य चलते ही रहने के कारण समाचार लिखे जाने तक बूथ वार पोलिँग प्रतिशत उपलब्ध नहीं हो पाया था। मतदान कार्य शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिले एवं प्रखंड के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर मुश्तैद दिखाई दिये।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



### मतदान समाप्त होने के बाद पलामू प्रमंडल में गर्म हुआ चर्चाओं का बाजार

# मिथिलेश, अनंत, त्रिपाठी, पुष्पा, शशिभूषण, कमलेश जागृति, हरिकृष्ण व प्रकाश के बारे में जोरदार चर्चा

रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र

**रांची :** पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के नौ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हो गया। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने में जिला प्रशासन की महती भूमिका रही। सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। चुनाव समाप्त होने के बाद यहां के लोग जीत-हार की चर्चा शुरू कर चुके हैं। जो जिसका समर्थक है और जो जीत के करीब है, उसके बारे में चर्चाओं का बाजार गर्म है। पलामू जिले में सबसे ज्यादा चर्चा डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर शशिभूषण मेहता, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी विकास जागृति दुबे, हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी का हो रहा है। हर चौक चौराहा, चाय और पान की दुकान, बाजार, कचहरी यानी हर जगह इन पांचो प्रत्याशियों की चर्चा





**चुनाव संपन्न होने के बाद लोग प्रत्याशियों के जीत और हार की चर्चा में मशगूल हो गए हैं।**

सबसे ज्यादा की जा रही है। जिले के लोगों का कहना है कि इन्ही पांच लोगों की जीत होने जा रही है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पहली बार चुनावी जंग में उतरे विकास जागृति दुबे को लेकर चर्चा गरम है। यहां के लोगों का कहना है की पहली बार विकास जागृति दुबे का राजनीति की दुनिया में जोरदार एंट्री हुआ है। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, यह तो तय है की विश्रामपुर की राजनीति में विकास जागृति दुबे का धमाकेदार आगाज हुआ है। इधर गढ़वा जिला में दो विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। गढ़वा और भवनाथपुर। गढ़वा विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर की चर्चा करते हर लोगों के जुबान पर देखा गया। मतदान समाप्त होने के बाद यहां के लोगों ने बताया कि गढ़वा का विकास ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर की पहचान है। उन्होंने गढ़वा का जो विकास किया है, उतना विकास आजादी के बाद किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया। इसलिए यहां के लोगों ने दिल खोलकर श्री ठाकुर का साथ दिया। यहां के लोगों ने बताया कि मिथिलेश ठाकुर गढ़वा में विकास की गंगा बहाने में कोई कसर नहीं छोड़े। यही कारण है कि यहां की जनता ने उन्हें अपने सर आंखों पर बैठाया। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव की चर्चा काफी गरमा गरम रहा। लोगों ने बताया कि श्री देव सुलझे हुए नेता हैं। वे सभी वर्ग और धर्म के लोगों पर के साथ मिलजुल कर रहते हैं। लातेहार जिला में भी दो विधानसभा क्षेत्र आता है। लातेहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की चर्चा होते देखा गया। लातेहार विधान सभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम है। यहां के लोगों ने बताया कि इस बार लातेहार विधानसभा में कमल का फूल खिलने की संभावना है। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह की चर्चा करते लोग देखे गए। लोगों का कहना है कि हरे कृष्णा सिंह बहुत ही अच्छे प्रत्याशी हैं। वह जनता के हर सुख दुख में साथ रहते हैं। बता दें कि 13 नवंबर को प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव संपन्न होने के बाद लोग प्रत्याशियों के जीत और हार की चर्चा में मशगूल हो गए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन चर्चाओं में कितना दम है।

## चलते चलते एक नजर

### लोहरदगा: पूरे परिवार के साथ वारिस कुरैशी ने किया मतदान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 13 नम्बर दिन बुधवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने प्रजातंत्र के महान पर्व को मनाने के लिए अपने गृह जिला लोहरदगा पहुंचकर 72 लोहरदगा विधानसभा के मतदान में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए अपनी पत्नी फिरोजा खातून एवं बेटा वासिफ कुरैशी के साथ अपने बूथ नंबर 259 स्थान सामुदायिक भवन तेगी नगर चौक लोहरदगा में मतदान कर अपने जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए जिम्मेवारी निभाया एवं मतदाताओं से अपील किया कि झारखंड को खुशहाल और समृद्ध बनाने में हम सभी का एक-एक वोट सहायक हो सकता है, इसलिए सभी नागरिकों से विनम्र निवेदन है कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

### मंत्री मिथिलेश ने सपरिवार किया मतदान



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को अपनी पत्नी चंचला ठाकुर एवं पुत्री दृष्टि ठाकुर के साथ उच्च विद्यालय कल्याणपुर स्थित बूथ पर मतदान किया। इस दौरान इन्होंने सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आपका एक-एक वोट आपके पांच वर्षों का भविष्य तय करता है। वहीं उनकी धर्मपत्नी चंचला ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए जो कार्य शुरू किया गया था उसे पूरा करने के लिए एक बार फिर से अपने चहेते विधायक मिथिलेश ठाकुर को वोट दें। बेटी दृष्टि ठाकुर ने युवाओं को निश्चित तौर पर वोट करने की अपील की। कहा युवा कल का नहीं बल्कि आज का नागरिक है। उनका एक-एक वोट उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# मतदान के दौरान पुलिस रही मुस्तैद

**थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि हमारे थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान हो रहा है, किसी तरह का कोई विवाद नहीं और किसी तरह का कोई भी शिकायत नहीं मिली है, वोटर सुबह से मतदान कर रहे हैं वोटरों में उत्साह भी है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची विधानसभा क्षेत्र के कांटा टोली क्षेत्र में मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। वे समय पर ही अपने घरों से निकलकर अपने नजदीकी बूथ केंद्रों तक पहुंचे और मतदान किया। खासकर कांटा टोली चौक स्थित हिंदी स्कूल और वाईएमसीए में मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। कांटा टोली चौक स्थित हिंदी स्कूल में बूथ नंबर 317, 318 ,319, 320, 321 ,322 पर मतदाताओं का उत्साह था, तो वहीं वाईएमसीए में 313 ,314 ,315 और 316 बूथों पर मतदाताओं का उत्साह था । वही कांटा टोली राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय रिफ्यूजी कॉलोनी में बूथ नंबर 327, 324 में भी मतदाता आराम से मतदान करने पहुंच रहे थे बहुत भीड़ देखने को नहीं मिला। चुटिया के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय चुटिया 2 में 349, 350 ,351 ,352 ,353, 354 ,355, 356 और मिस्स हिफहम बालिका मध्य विद्यालय में 357 ,358, 359, 360 इन बूथों पर जितना मतदाताओं की भीड़ होनी चाहिए वैसी भीड़ देखने को नहीं मिली , हालांकि करीब 11¬45 बजे रांची विधानसभा के उम्मीदवार सीपी सिंह खुद निरीक्षण करने पहुंचे थे, हालांकि उनके साथ उनके बड़े चेहरे वाले कार्यकर्ता गण साथ नहीं थे । बाद में जब वे निरीक्षण कर रहे थे, तब आसपास में जो पोलिंग बूथ पर बैठे हुए एजेंट थे वे उनके साथ तस्वीर खींचने के लिए आ गए। बहु बाजार स्थित संत मार्गेरेट स्कूल 259 ,260, 261 यहां पर तीन बूथ था , हालांकि यहां धीरे-धीरे वोटिंग हो रही थी और हालांकि यहां भी बहुत ज्यादा भीड़ नहीं थी । इसी तरह से 240, 241 ,239 यह रांची नगर निगम वार्ड 16 का कार्यालय है और कर्बला चौक के नजदीक स्थित है। यहां पर वोठर पहुंच रहे थे और मतदान कर रहे थे, लेकिन मोबाइल फोन लेकर अंदर प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा था, जिस कारण से सुरक्षा कर्मियों और वोटरों में कहा सुनी भी हो रही थी। उर्दू स्कूल कर्बला चौक स्थित 242, 243 ,244 और 245 में भी अच्छा खासा वोटर थे और यही स्थिति 219 ,221 ,220 राजकीय कृत आदर्श विद्यालय कोनका रांची टू में भी देखने को मिला। मौलाना आजाद स्कूल में जमकर मतदान हुआ। रातू रोड स्थित पिस्का मोड़ के पास लार्ड फोस्ट अकादमी में भी मतदान हो रहा था , लेकिन यहां पर बोकस मतदान होने की सूचना पर हंगामा भी किया गया।

### थाना प्रभारी ने बताया

वहीं लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद और खडगदा टीओपी प्रभारी दिवाकर अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे थे । सभी बूथों पर निगरानी रखे हुए थे । थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि हमारे थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान हो रहा है, किसी तरह का कोई विवाद नहीं और किसी तरह का कोई भी शिकायत नहीं मिली है, वोटर सुबह से मतदान कर रहे हैं वोटरों में उत्साह भी है।

# वोटर तो आ रहें हैं,वोट किसे कर रहे हैं ये तो 23 नवंबर को पता चलेगा : सीपी सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची विधानसभा के उम्मीदवार सीपी सिंह करीब 11:00 बजे से लेकर 12:00 के बीच चुटिया पहुंचे थे। जहां पर वह अपने वोटरों एवं पोलिंग एजेंट से मिल रहे थे , हालांकि उनके साथ कोई बड़े कद काठी वाले नेता या कार्यकर्ता नहीं थे । सीपी सिंह थोड़ा मायूस नजर आ रहे थे । वे घूम घूम कर अपने पोलिंग एजेंट से स्थिति का जायजा ले रहे थे । वही पूछने पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वोटर आ रहे हैं, वोट कर रहे हैं। अब 23 नवंबर को पता चलेगा की किसे वोट किसे मिला है। खास करके चुटिया के राजकीय कृत मध्य विद्यालय -2, के 349 ,350 ,351, 352 ,353,354, 355 ,356, सहित मिस्स हिफहम मबालिका विद्यालय में 357, 358, 359 , 360 में वोटरों की जैसी भीड़ होनी चाहिए वैसे भीड़ नहीं थी। वहीं मंइया सम्मान योजना को लेकर भी भाजपा के कार्यकर्ताओं रोष देखने को मिला। स्थानीय लोग जो वोट करने आ रहे थे, वे यह भी कह रहे थे, की बहुत लोग छठ पर्व में चले गए हैं, जो वापस लौटे नहीं हैं। जिस कारण से भी भीड़भाड़ नहीं है। इसके अलावा भी शहर में कम वोट पड़ता है, लोग सुबह निकल गए हैं अपने काम काज में, कोई ऑटो चला रहा है ,तो कोई दुकान खोल कर बैठा हुआ है । दूसरी तरफ कि देर रात ही मंइया सम्मान योजना का राशि भी महिलाओं के बैंक खाते में भेज दिया है इसको लेकर भी कुछ लोगों में उत्साह है।

## आराहंगा मतदान केंद्र में जबरदस्त हुआ मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** तमाड़ विधान सभा क्षेत्र का आराहंगा मतदान केंद्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। बताया गया कि 2019 विधानसभा चुनाव तक इस मतदान केंद्र को दूसरे जगह रीलोकेट (स्थानांतरित) कर दिया जाता था , क्योंकि नक्सलियों का काफी प्रभाव होता था एवं नक्सली हिंसा की आशंका बनी रहती थी। पहली बार विधानसभा चुनाव में आराहंगा के ग्रामीणों ने अपने ही गांव में वोट किया और उनमें जबरदस्त का उत्साह देखने को मिल रहा है।वहीं ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने मोटरसाइकिल से पूरे क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

## बिना अनुमति के वापस लौटना आईपीएस को पड़ा महंगा, निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राजस्थान कैडर के आईपीएस किशन सहाय मीणा को बिना अनुमति ड्यूटी से वापस राजस्थान लौटने के मामले में चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है। इस संबंध बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, 2004 बैच के आईपीएस किशन सहाय मीणा को गुमला में पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था। उन पर बिना अनुमति के ड्यूटी छोड़ने का आरोप है। अब उनकी जगह दूसरे अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। इसकी पुष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने की है।

## लोकतंत्र का महापर्व

















